अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

**गाँव से गवर्नेन्स तक**



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 90 | लखनऊ, सोमवार, 13 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की लिस्ट

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। रविवार को जारी सूची में तीन उम्मीदवारों के नाम हैं जिनमें गुलाम मोहम्मद मीर, राकेश महाजन और शत शर्मा शामिल हैं। शत शर्मा वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख हैं। वे तीसरी अधिसूचना के तहत राज्यसभा चुनाव लड़ेंगे, जहाँ भाजपा को नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के सत्तारूढ़ गठबंधन पर संख्यात्मक रूप से बढ़त हासिल है। जिस सीट से शर्मा चुनाव लड़ेंगे, उस पर भाजपा के पास 28 वोट हैं, जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के पास 24 वोट हैं। 24 अक्टूबर को इन सीटों पर चुनाव होने हैं।

### अयोध्या में दीपोत्सव में प्रज्ज्वलित किये जाएंगे 30 लाख दीये

अयोध्या। उत्तर प्रदेश में भगवान श्रीराम की नगर अयोध्या में दीपोत्सव इस बार 30 लाख से अधिक दीये प्रज्जवलित किये जाएंगे। दीपोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम 17 अक्टूबर से शुरू होगा और भव्यता दिव्यता के साथ इसका समापन 19 अक्टूबर को होगा। इस बार दीपोत्सव के अवसर पर 30 लाख से अधिक दीपक पूरे जनपद में जगमगाएंगे। इसकी योजना में जिला प्रशासन और अयोध्या के जन सामान्य के साथ साथ रामनगरी के संत महंत धर्माचार्य भी जुट गए हैं। अयोध्या के दीपोत्सव को अयोध्यावासी धूमधाम से मनाने में अभी से जुट गए हैं।

# गोमती केवल नदी नहीं, सांस्कृतिक चेतना और जीवनधारा की प्रतीक : मुख्यमंत्री

## अविरल-निर्मल गोमती के लिए मुख्यमंत्री ने की 'गोमती पुनर्जीवन मिशन' की घोषणा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'स्वच्छ, अविरल और निर्मल गोमती' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीलीभीत से गाजीपुर तक प्रवाहित गोमती केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक विरासत और जीवनधारा की प्रतीक है। गोमती का पुनर्जीवन केवल जल शुद्धिकरण का नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण के पुनर्संवर्धन का व्यापक अभियान है। यह मिशन पर्यावरणीय उत्तरदायित्व



और भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी साझा प्रतिज्ञा का प्रतीक बनेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को टेरिटोरियल आर्मी की पहल पर आयोजित गोमती टॉस्क फोर्स की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने मिशन की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक परियोजना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता से चलने वाली एक जन-आंदोलनात्मक पहल होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोमती में एक

- **गोमती टास्क फोर्स के साथ मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण बैठक, मिशन पर हुई विस्तृत चर्चा**

भी बूंद सीवरेज न गिरे, इसके लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीति तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि नदी किनारे बसे अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की पहचान कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाए, ताकि गोमती के तटों पर स्वच्छता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने कहा कि मिशन का दायरा पीलीभीत से गाजीपुर तक गोमती नदी के संपूर्ण प्रवाह क्षेत्र को कवर करेगा, जिससे गोमती अपने पूरे विस्तार में स्वच्छ, अविरल और निर्मल रूप पुनः प्राप्त कर सके। मुख्यमंत्री ने मिशन के अंतर्गत नगरीय सीवेज का 95 प्रतिशत से अधिक अवरोधन, नदी प्रदूषण को न्यूनतम स्तर तक लाना और नदी तटीय पारिस्थितिकी का पुनरुद्धार का लक्ष्य निर्धारित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मिशन केवल प्रदूषण नियंत्रण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नदी के जैविक, सांस्कृतिक और सौंदर्यात्मक पुनर्जीवन का माध्यम बनेगा। कार्ययोजना के अंतर्गत लखनऊ में इकाना वेटलैंड और साजन झील जैसे नए वेटलैंड विकसित किए जाएंगे।

## महिला पत्रकारों को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आमंत्रित नहीं किए जाने पर अफगान विदेश मंत्री ने दी सफाई

- **आमिर खान मुत्ताकी ने दो दिनों के भीतर दोबारा अफगान दूतावास में प्रेस कॉन्फ्रेंस की**



एजेंसी

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने दो दिनों के भीतर रविवार को दोबारा प्रेस कॉन्फ्रेंस की।आज की प्रेस वार्ता में उन्होंने शुक्रवार की प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को आमंत्रित न किए जाने के उठे विवाद पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय किसी जानबूझकर किए गए बहिष्कार के चलते नहीं था, बल्कि जल्दबाजी में दी गई सूचना और सीमित प्रतिभागियों की सूची के कारण ऐसा हुआ।

मुत्ताकी ने आज दिल्ली में एक बार फिर अफगान दूतावास में पत्रकार वार्ता की, जिसमें महिला पत्रकार भी मौजूद रही। उनके अनुसार यह तकनीकी मामला था और आयोजकों ने केवल कुछ चुने हुए पत्रकारों को आमंत्रित किया था। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसमें किसी प्रकार का भेदभाव शामिल नहीं था। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में महिलाओं के अधिकारों पर मुत्ताकी ने कहा कि तालिबान सरकार ने महिलाओं की शिक्षा को धार्मिक रूप से 'हराम' नहीं घोषित किया है। उन्होंने बताया कि अफगानिस्तान में वर्तमान में एक करोड़ छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें लगभग 28 लाख लड़कियां शामिल हैं। मुत्ताकी ने कहा कि उनकी सरकार का संबंध विश्वभर के उलेमा और मदरसों से है, जिनमें भारत का देवबंद भी शामिल है।

## दुर्गापुर गैंगरेप मामले में ममता का अजीबोगरीब बयान

# दूसरे राज्यों से आई लड़कियों को देर रात बाहर नहीं जाना चाहिए

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में ओडिशा की मेडिकल छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अजीबोगरीब बयान दिया है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन को चुस्त करने के बजाय उन्होंने नसीहत दी है कि दूसरे राज्यों से बंगाल आई लड़कियों को रात के समय बाहर नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं, खासकर राज्य



के बाहर से आने वाली लड़कियों को रात में बाहर नहीं जाना चाहिए और हॉस्टल के नियमों का पालन करना चाहिए। विपक्षी दलों ने सवाल खड़े किए हैं।

ममता बनर्जी ने रविवार को कोलकाता हवाई अड्डे पर मीडिया से बात करते हुए कहा, यह एक चौंकाने वाली घटना है। हमारी सरकार का ऐसे अपराधों के प्रति शून्य सहिष्णुता का रुख है। तीन आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं और बाकी की तलाश जारी है। किसी को छोड़ा नहीं जाएगा।लेकिन इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि जो छात्राएं हॉस्टल में रहती हैं, खासकर जो बंगाल के बाहर से पढ़ने आई हैं, उन्हें हॉस्टल के नियमों का पालन करना चाहिए।

# बिहार चुनाव : एनडीए में हुआ सीट बंटवारा

एजेंसी

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सीट बंटवारे पर सहमति बन गई है। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बिहार प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर रविवार को दी। धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, '' हम एनडीए के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया। भाजपा-101, जदयू 101, लोजपा (आर) -29, आरएलएम-06 और हम -06 सीटों पर चुनाव

- **बिहार में भाजपा व जदयू 101-101, चिराग 29 और मांझी-कुशवाहा की पार्टी 6-6 सीटों पर लड़ेगी चुनाव**

लड़ेगी।'' उन्होंने आगे लिखा,'' एनडीए के सभी दलों के कार्यकर्ता और नेता इसका हर्षपूर्वक स्वागत करते हैं। बिहार है तैयार, फिर से एनडीए सरकार।''

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार झा ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए कहा, ''भाजपा और जदयू 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। हम एनडीए के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया है। एनडीए के सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता साथी इसका हर्ष के साथ स्वागत करते हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रचंड बहुमत के साथ फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्पित एवं एकजुट हैं।'' उन्होंने लिखा, 'बिहार है तैयार, फिर से एनडीए सरकार।'' बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि संगठित व समर्पित राजग ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी सहमति से सीटों का वितरण पूर्ण किया। राजग के सभी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का हर्षपूर्वक स्वागत किया है। सभी साथी कमर कस चुके हैं और बिहार में फिर से राजग की सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं।

दरअसल, सीट बंटवारे से ये साफ हो गया कि अब बिहार राजग में कोई बड़ा भाई नहीं है। भाजपा और जदयू इस बार बराबर-बराबर यानी 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, जबकि इसके पहले के सभी विधानसभा चुनावों में नीतीश कुमार की पार्टी को भाजपा से अधिक सीटें मिलती थी। केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी को मनमुताबिक सीटें नहीं मिली है।

# मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर हुई अवेयरनेस गोष्ठी

- **लायंस क्लब सेंचुरी ने सुषमा अस्पताल में किया आयोजन**

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। आजकल मानसिक स्वास्थ्य की परेशानियां आम बात हो गई हैं। इससे पूरा विश्व प्रभावित हो रहा है। इसी सन्दर्भ में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में लायंस क्लब लखनऊ सेंचुरी ने एक अवेयरनेस गोष्ठी का आयोजन सुषमा अस्पताल में किया। इसमें लखनऊ के सीनियर डाक्टरो ने भाग लिया। लायंस क्लब सेंचुरी और सुषमा अस्पताल द्वारा आयोजित इस अवेयरनेस प्रोग्राम में



सुषमा अस्पताल के डाक्टरों और क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर उपस्थित सभी सदस्यों की कलाई में हरा रिबन बाद कर जागरुकता कार्यक्रम भी चलाया गया। इस मौके पर डाक्टरों ने मानसिक स्वास्थ्य और उसके निवारण पर चर्चा की। इस अवसर पर लायंस सेंचुरी क्लब की अध्यक्षा डॉ सरोजिनी सक्सेना , सेक्रेटरी लॉ अलका भट्टाचार्य, पूर्व अध्यक्ष लायन सुधा द्विवेदी , डॉक्टर रमा शंकधर , लायन अर्पित एवं अन्य लोग उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि लायंस क्लब में सेवा कार्य करने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। संगठन ने गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के बीच जाकर काफी सेवा कार्य किया है। कई बार रैन-बसेरों और विभिन्न अस्पतालों में जाकर जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री भी वितरित की है।

# चौधरी जितेन्द्र नाथ सिंह के लखनऊ आगमन पर भव्य स्वागत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा चौधरी जितेन्द्र नाथ सिंह के लखनऊ आगमन पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार श्रीवास्तव सेवा निवृत्त आई पी एस तथा प्रदेश के अन्य पदाधिकारियों एवम् जिला अध्यक्ष व पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत कायस्थ पाठशाला लाटूश रोड स्थित के सभागार में किया गया। सभा का आरम्भ भगवान चित्रगुप्त जी की स्तुति से किया गया। सभा का संचालन ज्ञान प्रकाश अस्थाना प्रदेश महामंत्री द्बारा किया गया। सर्व प्रथम प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार श्रीवास्तव जी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जितेन्द्र नाथ सिंह जी को माल्यार्पण शाल व मौमेन्टो देकर सम्मानित किया, इसके पश्चात सभी



उपस्थित प्रदेश पदाधिकारी व जिले के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को माल्यार्पण कर सम्मानित किया, महिला पदाधिकारियों ने बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अभिनव श्रीवास्तव का राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार श्रीवास्तव ने विगत वर्षों में किए गए कार्य का विस्तृत वर्णन किया तथा प्रदेश के कमजोर वर्ग की,की गयी आर्थिक मदद से भी अवगत कराया, प्रदेश में सदस्यता की प्रगति का भी वर्णन किया।

इसके बाद डॉक्टर ज्योत्सना श्रीवास्तव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने भी विगत वर्षों में संगठनात्मक सुधार व प्रगति का विस्तृत वर्णन किया। श्री मती वर्षा सिन्हा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला ने चित्रांश बन्धुओं को राजनीति में आने का आव्हान किया तथा सगंठन में एकजुटता बनाए रखने को कहा,। ज्ञान प्रकाश अस्थाना प्रदेश महामंत्री ने आगामी कार्यक्रम के विषय में अवगत कराया तथा 30नवम्बर 2025 को होने वाले वैवाहिक परिचय सम्मेलन के विषय में सभा को अवगत कराया। श्री मती प्रमिला श्रीवास्तव जी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय को लखनऊ में आकर समय समय पर हमलोगो का उत्साह वर्धन करते रहना चाहिए। सभा में निम्न पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहें। उमेश कुमार श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष, ज्ञान प्रकाश अस्थाना, प्रमोद कुमार निगम, विमल किशोर श्रीवास्तव, विजय कृष्णा, अतुल निगम, डाक्टर पकंज श्रीवास्तव अशोक अस्थाना।

डी के श्रीवास्तव, शेखर श्रीवास्तव, मनिषा श्रीवास्तव, रीतेश श्रीवास्तव, तरूण श्रीवास्तव, लालजी श्रीवास्तव अनुपम श्रीवास्तव, विनोद कुमार श्रीवास्तव, डाक्टर हृदेश बिहारी श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव, रंजना श्रीवास्तव, डाक्टर बी एस लाल एडवोकेट मनीष लाल अनुराग श्रीवास्तव। केन्द्रीय सगंठन के भी निम्न पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# नैमिष मथुरा रेल मार्ग जोड़ो अभियान समिति की बैठक में हुए महत्वपूर्ण निर्णय

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। विश्व प्रसिद्ध तीर्थ नैमिषारण्य सीधे रेल मार्ग से न जुड़े होने के कारण पर्यटन की स्थिति में बहुत पिछड़ा है इस दर्द को लेकर नैमिष इस मथुरा रेल मार्ग जोड़ो अभियान समिति का गठन किया गया जिसके 1 वर्ष पूर्ण होने पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया बैठक में पिछले एक वर्ष में हुई सकारात्मक कार्यवाही पर विचार विमर्श के साथ ही साथ अन्य कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए इस समिति की बैठक की जानकारी देते हुए समिति के कोषाध्यक्ष अजय पाल सिंह सोमवंशी ने बताया कि इस समिति के अध्यक्ष नैमिष फाउंडेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी से सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की और बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसमें मुख्य रूप से इस समिति के संरक्षक के रूप में नारदानंद आश्रम के स्वामी देवेंद्र आनंद जी के गोलक जाने की वजह से यह पद खाली था जिस पर वे सिस्टर के किसी लोकमान्य व सर्व मान्य संत को संरक्षक बनाए जाने की भूमिका में तुलसी पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामभद्राचार्य जी को इस समिति का संरक्षक बनाए जाने के लिए समिति में प्रस्ताव पास किया गया और समिति के पदाधिकारी के द्वारा जब उनको यह प्रस्ताव रखा गया तो उन्होंने इसको मौखिक रूप से स्वीकार तो किया और यह भी कहा कि इस आंदोलन में वह अपनी सहभागिता भी निभाएंगे जिस पर समिति द्वारा यह प्रयास किया गया कि यह बातचीत लिखा पड़ी में भी हो जाए तो कम आगे बढ़ेगा इसी तरह इस अभियान को और अधिक जागरूक बनाने के लिए सभी सदस्यों को इस बात के लिए कहा गया कि वह इस आंदोलन में पूरी सकारात्मक और रचनात्मक भूमिका निभाएं जिससे इस जनहित कार्य को किसी तरह से गति दी जा



सके अध्यक्ष श्री सिंह ने एक वर्ष पूर्ण होने पर सभी पदाधिकारी को बधाई विधि और यह भी कहा कि वह इसी तरीके से इस समिति को आगे बढ़ाने के लिए जब तक नैमिषारण्य को मुख्य रेल मार्ग जो मथुरा की ओर जाता है नहीं जोड़ दिया जाता तब तक यह समिति अपना कार्य उत्तरोत्तर करती रहेगी इसी क्रम में समिति के महासचिव और मीटिंग के संचालक अजय पाल सिंह सोमवंशी ने बताया कि 1 वर्ष में समिति ने जो भी उपलब्धि प्राप्त की है उसमें मुख्य रूप से पत्राचार के मामले में प्रधानमंत्री कार्यालय रेल मंत्रालय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय और एक दर्जन से अधिक जनप्रतिनिधियों के जो सकारात्मक पहलू के पत्र प्राप्त हुए हैं वह समिति के कार्रवाई के बीच में रखे गए हैं उन्होंने अपने वक्तव्य में उन सब संस्मरणों को बताया जिसकी वजह से समिति उत्तरोत्तर आगे बढ़ रही है उन्होंने कहा कि इस रेल मार्ग के जुड़ जाने से नैमिषारण्य विश्व के पर्यटन तीर्थ के रूप में भी विकसित हो जाएगा उत्तर प्रदेश सरकार को नैमिषारण्य को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने की सराहनीय भूमिका में जो कार्य किया जा रहे हैं उसमें भी समिति ने सरकार को धन्यवाद दिया और कहा कि अगर यह रेल मार्ग मुख्य रेल मार्ग से जुड़ जाता है तो यह एक बहुत ही जनहित कार्य कार्य हो जाएगा अयोध्या प्रयागराज काशी जैसे 300 से नैमिषारण्य के लोग भी सीधे जुड़ जाएंगे और वह मथुरा जाकर देश के किसी भी तीर्थ में जा सकते हैं।

इसलिए नैमिषारण्य से फर्रुखाबाद होते हुए मथुरा तक जाने वाले रेल मार्ग से यदि यह मार्ग जुड़ जाता है तो एक अच्छा कार्य होगा नैमिषारण्य से जनपद हरदोई से होकर जाने वाले इस मार्ग में मात्र 110 किलोमीटर तक की रेल लाइन बेचने का प्रावधान करना पड़ेगा रेल विभाग को भी बहुत अच्छा फायदा पहुंच जाएगा क्योंकि उत्तर प्रदेश के दर्जनों जनपद के पर्यटक सीधे तीर्थ स्थल के लिए जा सकेंगे बैठक में अन्य सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए इस पर जोर दिया गया कि इस मूवमेंट को हस्ताक्षर अभियान के रूप में प्रदेशव्यापी जन आंदोलन बनाया जाए अभी कई जनपदों में यह हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है और हजारों लोगों ने इस कार्य को संपन्न कराए जाने में अपनी सहमति प्रदान की है कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारिणी के मुख्य सदस्यों की उपस्थिति और पदाधिकारी के द्वारा किए जा रहे सकारात्मक और रचनात्मक कार्यों पर भी चर्चा की गई इस बैठक में मुख्य रूप से सहसंयोजक की भूमिका में राम आधार पांडे उपाध्यक्ष सतीश शर्मा कोषाध्यक्ष रामवीर सिंह संयुक्त सचिव गिरीश कुमार वर्मा संगठन सचिव जंग बहादुर सिंह के अलावा अन्य आमंत्रित सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किया समिति के द्वारा किए जा रहे इस जनहित कार्य में लगने के लिए सभी को जोर-शोर से इस अभियान को जन जागरण के रूप में लिए जाने पर जोर दिया गया।

# उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया किसना के नए शोरूम का उद्घाटन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर में डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी ब्रांड किसना के नए शोरूम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। किसना डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 75 प्रतिशत तक की छूट, गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 25 प्रतिशत तक की छूट, और इसके साथ आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट व डेबिट कार्ड पर 5 प्रतिशत का अतिरिक्त इंस्टेंट डिस्काउंट देती है। हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया ने कहा, ग्राहकों ने किसना पर जो भरोसा और प्यार दिखाया है, वह हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हमारा विजन 'हर घर किसना' है – ताकि देश की हर महिला तक सुंदर और किफायती डायमंड ज्वेलरी पहुंच सके। पराग शाह, निदेशक, किसना ने कहा, लखनऊ में हमारे नए शोरूम की शुरुआत किसना की विकास यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। हम ग्राहकों को भरोसे, गुणवत्ता और उत्कृष्ट डिजाइन पर आधारित एक शानदार शॉपिंग अनुभव देना चाहते हैं, जिससे उनके त्योहार और भी यादगार बनें। किसना की रेंज में रिंग्स, ईयररिंग्स, पेंडेंट्स, मंगलसूत्र, नेकलेस, बैंगल्स, ब्रेसलेट्स, नोज पिन्स और पुरुषों की ज्वेलरी शामिल है।



## बलरामपुर के वार्ड ब्वाय ने जांच अधिकारी पर दबाव बनाने का लगाया आरोप

लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल में संविदा कर्मचारी से नौकरी के नाम पर वसूली का मामला थमता नहीं दिख रहा है। अब इस मामले में जांच अधिकारी पर पीड़ित शिकायतकर्ता पर धमकाने और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने का आरोप लगा है। भयभीत पीड़ित का वीडियो वॉयरल हो रहा है। वॉयरल वीडियो की समाचार पुष्टि नहीं करता है। पीड़ित की मांग है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर 40 हजार रुपए वापस करवाते हुए उसे न्याय दिलाया जाए। बलरामपुर अस्पताल में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को वसूली के लिए परेशान किया जा रहा है। वार्ड ब्वॉय पद पर तैनात प्रमोद कुमार वाजपेयी कर्मचारियों को सुरक्षाकर्मी बनाने की धमकी देकर 40 हजार रुपए वसूलने का मामला प्रकाश में आया। शिकायत के बाद अस्पताल प्रशासन ने जांच के आदेश दिए। मामले की जांच होने तक आउटसोर्स सुपरवाइजर को पद से हटा दिया गया है। जांच चल रही है।

# नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में घायल, दूसरा गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। लखनऊ में बंथरा इलाके में शनिवार को नाबालिग किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म में शामिल एक आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में घायल होने बाद गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरे साथी को हरौनी रेलवे प्लेटफार्म से गिरफ्तार किया है। वहीं घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। घायल आरोपी को उपचार के लिए सीएचसी सरोजनीनगर में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी (डीसीपी) निपुण अग्रवाल ने रविवार को कहा कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों द्वारा अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी जिसके क्रम में आज तड़के हरौनी पावर स्टेशन से हरौनी रेलवे स्टेशन को जाने वाले रास्ते पर पुलिस टीम द्वारा पिकेट लगाकर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान दो बाइक सवार संदिग्ध व्यक्तियों को रोका गया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जिसकी पहचान ललित कश्यप उम्र करीब 33 वर्ष पुत्र राधेलाल निवासी ग्राम हरौनी थाना बंथरा जनपद लखनऊ के रूप में हुई है। वहीं दूसरे आरोपी मेराज उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र बाबूखान निवासी ग्राम हरौनी थाना बंथरा जनपद लखनऊ को दूसरी पुलिस टीम द्वारा हरौनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म से गिरफ्तार किया गया है। जबकि ललित के साथ एक अन्य आरोपी अभियुक्त फरार हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि नाबालिग 17 वर्षीय किशोरी कक्षा 11 की छात्रा है। छात्रा शनिवार की दोपहर अपनी बहन के ससुराल गई थी। वहां पर वह एक परिचित युवक से बातचीत करते हुए बाग में चली गई। इसी दौरान आसपास रहने वाले चार युवक पहुंचे और किशोरी के साथ टहल रहे युवक को मारने लगे। ऐसे में किशोरी वहां से जाने लगी तो युवकों ने उसे पकड़ लिया और मारने लगे। यही नहीं, पिटाई के बाद आरोपितों ने किशोरी से दुष्कर्म किया और धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। किशोरी घर पहुंची और घटना की जानकारी घरवालों को दी। सामूहिक दुष्कर्म की सूचना मिलते ही डीसीपी और एडीसीपी समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा और पिता की तहरीर पर सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया। डीसीपी ने बताया कि आरोपितों के नाम छोटू, बाबू, ललित और विशाल हैं और फोटो दिखाने पर उन्हें चिह्नित भी कर लिया गया है। इसके आधार पर पुलिस टीम ने उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस गांव के आसपास दबिश दे रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ में स्वस्थ जीवनशैली, एड्स जागरूकता के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन

**लखनऊ।** स्वस्थ जीवनशैली, फिटनेस और एड्स जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी (यूपीसैक्स) और नेशनल पी.जी. कॉलेज लखनऊ द्वारा रविवार को रेड रन मैराथन 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यूपीसैक्स के अपर परियोजना निदेशक आईएएस रविंद्र कुमार ने नेशनल पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डी.के. सिंह के साथ हरी झंडी दिखाकर किया। 10 किलोमीटर लंबी इस मैराथन में कुल करीब 600 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें राज्य स्तर और शहर स्तर पर पुरुष एवं महिला वर्ग की चार श्रेणियाँ शामिल रहीं। राज्य स्तर पर 25 जनपदों से 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि लखनऊ के विभिन्न महाविद्यालयों से लगभग 500 छात्र–छात्राएं नगर श्रेणी में दौड़े। मैराथन का मार्ग नेशनल पी.जी. कॉलेज से शुरू होकर 1090 चौराहे तक गया और पुनः कॉलेज परिसर में समाप्त हुआ। प्रतिभागियों के जोश को बढ़ाने के लिए कार्यक्रम की शुरुआत उत्साहपूर्ण ज़ुम्बा सत्र और बैंड प्रदर्शन से की गई। कार्यक्रम के उपरांत प्रत्येक प्रतिभागी को टी–शर्ट और भागीदारी प्रमाणपत्र दिया गया, जबकि विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार और पदक से सम्मानित किया गया। राज्य स्तर (पुरुष) वर्ग में सम्मानित होने वालों में क्रमशः पुनीत, रोहन कुमार, राहुल यादव और महिला वर्ग में किरण वर्मा, प्रीति देवी, अर्चना यादव शामिल हैं। इसी तरह शहर स्तर पर पुरुष वर्ग में क्रमशः पंकज यादव, प्रदीप कुमार, मंजीत कुमार और महिला वर्ग में प्रतिज्ञा पन्ना, अनीमा, मंजू शामिल हैं। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. डी.के. सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। वहीं आईएएस रविंद्र कुमार ने कहा, रेड रन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि स्वस्थ और जागरूक समाज की ओर एक आंदोलन है। संयुक्त निदेशक यूपीसैक्स श्री रमेश श्रीवास्तव ने कहा कि एड्स उन्मूलन के लिए शिक्षा और जागरूकता बेहद आवश्यक है। राजेश सिंह ने कॉलेज के समाजोन्मुख प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन सम्मान समारोह और सामूहिक प्रतिज्ञा के साथ हुआ, जिसमें युवाओं ने संकल्प लिया हम स्वस्थ, जागरूक और नशा–मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### बहराइच में लड़की के साथ ऑनर किलिंग होने का आरोप

**लखनऊ।** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा ने उत्तर प्रदेश के बहराईच में मुस्लिम परिवार पर लड़की की ऑनर किलिंग किये जाने का आरोप लगाते हुये राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दफनाये गये शव को निकाल कर पोस्टमार्टम कराये जाने की मांग की है, ताकि इस मामले का सच सामने लाया जा सके और दोषियों को सजा दी जा सके। ऑनर किलिंग की शिकार लड़की के पिता अपराधिक प्रवृति के होने के कारण इस मामले की शिकायत भारत नमन पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित कुमार द्वारा मुख्यमंत्री के शिकायत पोर्टल पर करने के बाद भी पुलिस रफा–दफा करने का प्रयास कर रही है। अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा ने चेतावनी देते हुये कहा कि इस मामले में जल्द ही कार्यवाही नहीं की गयी तो वह सड़क पर उतरने के लिये बाध्य होगी। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि बहराइच के थाना मोतीनगर थानान्तर्गत ग्राम अन्डाहन पुरवा परसोहना की रहने वाली 18 वर्षीय फरीन शनिया अपने मनपसन्द लड़के से विवाह करना चाहती थी, लेकिन परिवारवालों के लाख मना करने के बाद जब वह नहीं मानी तो अपराधिक प्रवृत्ति के उसके पिता कमाल खॉ ने अपने अन्य पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर बीते 23 सितम्बर की रात उसकी हत्या कर दी और अगले दिन 24 सितम्बर की सुबह 10 बजे से पहले बिना पुलिस को सूचना दिये, पोस्टमार्टम भी नहीं कराया और गांव अन्डाहन पुरवा के कब्रिस्तान में दफना दिया। श्री त्रिवेदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लड़की के परिवारीजनों ने जिस तरह से आनन–फानन में लड़की की मौत के बाद उसे दफनाना अपने आप में संदेह पैदा करता है कि उसकी हत्या की गयी है। श्री त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री को भेजे गये पत्र में कहा है कि इस मामले में लडकी की मौत का सामना लाने के लिये लड़की के शव को निकालकर उसका पोस्टमार्टम कराया जाये, ताकि उसकी मौत का सच सामने लाया जा सके।

## मायावती ने लखनऊ में सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर सरकार को घेरा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में घटित सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दुख जताया है। उन्होंने सरकार से इस घटना का संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि राजधानी लखनऊ के बंथरा क्षेत्र में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना अति-दुखद व शर्मनाक है। उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों में महिला उत्पीड़न के साथ-साथ दुष्कर्म व हत्या आदि की घटनायें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। सरकार को इसकी रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की सख़्त जरूरत है। महिला सम्मान तो दूर महिलाओं की सुरक्षा पहले व अत्यन्त ज़रूरी है। उल्लेखनीय है कि बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर को अपनी बहन से मिलने के लिए दोस्त संग घर से निकली किशोरी को रास्ते में युवकों ने पकड़ लिया। युवकों ने साथी दोस्त को मार पीटकर भगा दिया और युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात अंजाम दी गई। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए देर रात को आरोपित ललित को मुठभेड़ में और उसके साथी मेराज को दूसरे इलाके से गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि इस घटना में उसके साथ विशाल गुप्ता, राजेंद्र कश्यप और शिव कश्यप शामिल थे। पुलिस ने लड़की का मेडिकल कराकर अन्य आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

## कार की टक्कर से युवक की मौत, परिजनों ने शव रखकर प्रदर्शन किया

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में कार की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। वह प्राइवेट कैंटीन में ड्यूटी के बाद बाइक से घर लौट रहा था। घर पहुंचने से पहले गांव के बाहर ही कार सवार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना नगराम थाना क्षेत्र के समेसी गांव की है। मृतक की पहचान सत्यदेव शुक्ला के बेटे अतुल कुमार शुक्ला (35) के रूप में हुई। अतुल मोहनलालगंज में एक प्राइवेट कैंटीन में काम करता था। वह शनिवार शाम करीब 6 बजे ड्यूटी के बाद घर आ रहा था। गांव के बाहर गांव के ही सतगुरु ने उसे कार से टक्कर मार दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। उसके बाद रविवार दोपहर जैसे अतुल का शव गांव पहुंचा लोगों ने जाम लगा दिया। परिजन नारेबाजी करते हुए ड्राइवर को सख्त से सख्त सजा दिलाने और मुआवजे की मांग करने लगे। मौके पर थाने से पुलिस पहुंची। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने परिजनों को मनाने की कोशिश की।

# समाज में गर्व से अपने को हिन्दू कहने का भाव जाग्रत हुआ : क्षेत्र प्रचारक अनिल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बस्ती स्तर पर पथ संचलन निकाले जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को जनपद लखनऊ में 50 से अधिक स्थानों पर पथ संचलन निकाला गया। अलग-अलग बस्तियों के पथ संचलन कार्यक्रम में संघ के प्रान्त व क्षेत्र स्तर के पदाधिकरियों ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया।

पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अनिल लखनऊ पश्चिम भाग के रामनगर की चन्द्रशेखर बस्ती में आयोजित पथ संचलन में उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्र प्रचारक ने पंच परिवर्तन के विषयों को हृदयंगम करते हुए समाज के बीच ले जाने के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले लोग अपने को हिन्दू कहने में लज्जा महसूस करते थे। आज समाज में लोग अपने को हिन्दू कहने में गर्व की अनुभूति करते हैं। अयोध्या में राम जन्मभूमि स्थल पर अस्पताल या अन्य स्मारक बनाने की मांग करने वाले लोग भी आज गर्व से अपने को हिन्दू कहते हैं।



क्षेत्र प्रचारक ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि अगर 100 संयासी मुझे मिल जाएं तो हम भारत को बदल देंगे। उन्हें 100 युवा तो नहीं मिल पाये, लेकिन डा. हेडगेवार को 100 नहीं हजारों ऊर्जावान युवा मिले जो भारत माता की सेवा में लगे हैं। इस अवसर पर लखनऊ पश्चिम भाग के भाग संघचालक गुरू मिलन, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री प्रकाश मिश्रा, निखिल व अंजनी श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स एवं वर्कर्स ऑर्गेनाइजेशन का प्रथम संयुक्त अधिवेशन सम्पन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- गांव के प्रत्येक घर तक बैंकिंग सुविधाओं को पहुंचाएं: बृजेश पाठक

लखनऊ। आज लखनऊ के निराला नगर स्थित माधव सभागार में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स एवं वर्कर्स ऑर्गेनाइजेशन और भारतीय मजदूर संघ द्वारा आयोजित प्रथम संयुक्त अधिवेशनष का आयोजन किया गया। अधिवेशन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र प्रचारक पूर्वी उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अनिल जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स एवं वर्क्स ऑर्गेनाइजेशन और भारतीय मजदूर संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की जनता विशेष कर किसानों, खेतिहर मजदूरों को उचित बैंकिंग सुविधा देना है, सरकार का भी यही प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग सुविधा आसानी से सुलभ हो। कार्यक्रम को को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि ग्रामीण बैंक प्रदेश की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत है आज हम ग्रामीण बैंकों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की जनता को आधुनिक बैंकिंग सुविधा दे रहे हैं। ग्रामीण बैंक के अधिकारियों और कर्मचारिओं से अ वहां किया कि वे गांव के प्रत्येक घर तक बैंकिंग सुविधाओं को पहुंचाएं। उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों से कहा कि देश और प्रदेश की सरकार आपके हितों की रक्षा के लिए हमेशा तैयार खड़ी है। उद्घाटन सत्र में क्षेत्रीय संगठन मंत्री, भारतीय मजदूर संघ (दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश)अनुपम जी, कार्यवाहक अध्यक्ष, भारतीय मजदूर संघ, उत्तर प्रदेश राकेश सिंह , प्रदेश महामंत्री, भारतीय मजदूर संघ अनिल उपाध्याय ने वर्तमान परिस्थितियों में संगठन के योगदान एवं देश की अपेक्षाओं पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, यादव सिंह ठाकुर ने कहा कि। 7 अप्रैल 2025 को भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक का गठन हुआ आज हमारे प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 4500 से ज्यादा शाखाएं हैं जहां 19233 अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत हैं और हमारा व्यवसाय है 2 लाख करोड़ से ज्यादा का है उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक देश का सबसे बड़ा बैंक है और व्यवसाय के नजरिए से यह 12वें नंबर पर आता है। हमारा निरंतर प्रयास है कि हम ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी बैंकिंग सुविधा दे सकें। उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय अधिकारी संगठन ललित सिंह ने ने कहा कि हाल ही में सरकार द्वारा एक राज्य एक ग्रामीण बैंक के समामेलन को राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक के गठन की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान प्रमोशन एवं अप्वाइंटमेंट रूल्स 2010 में संशोधन बाय स्केल 4 की पुनर्व व्याख्या और स्पांसर बैंकों के समकक्ष भत्तों एवं अन्य लाभों की मांग की गई।

प्रभारी भारतीय ग्रामीण बैंक अधिकारी संगठन राजेंद्र शर्मा और सचिव, अखिल भारतीय अधिकारी संगठन धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह अधिवेशन और उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश भर के ग्रामीण बैंक कर्मचारियों की आवाज को सशक्त बनाएगा तथा उनके अधिकारों एवं मांगों के लिए एक संगठित मंच प्रदान करेगा। इस अवसर पर प्रदेश भर से आए ग्रामीण बैंकों के 800 से ज्यादा अधिकारी और कर्मचारी वह अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## जीरो टॉलरेंस नहीं, जीरो काम वाली सरकार है: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को भाजपा सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा में विफलता को लेकर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं, दलितों और आम नागरिकों को सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम रही है। अखिलेश यादव ने यह बयान एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) की रिपोर्ट के हवाले से दिया, जिसमें महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। लखनऊ में मीडिया से बातचीत करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार के नौ सालों में अपराध, भ्रष्टाचार और अन्याय का ग्राफ लगातार बढ़ा है। उन्होंने कहा, भाजपा अपनी विफलता को छिपाने के लिए आंकड़ों का खेल खेल रही है, लेकिन सच्चाई यह है कि महिलाएं और दलित सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। उन्होंने हाल ही में रायबरेली में हुई दलित युवक की हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार पूरी तरह मौन है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा के जीरो टॉलरेंस के दावे झूठे और दिखावटी हैं। उन्होंने कहा कृ यह सरकार जीरो टॉलरेंस नहीं बल्कि जीरो काम वाली सरकार है।

# योगी सरकार ने लिखा डिजिटल विकास का नया अध्याय, यूपी बना भारत का उभरता आईटी हब

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- 15 हजार करोड़ से 75 हजार करोड़ तक बढ़ा यूपी का आईटी निर्यात
- आईटी को मिला उद्योग का दर्ज़ा, बदला निवेश का माहौल

लखनऊ। कुछ साल पहले तक उत्तर प्रदेश का नाम सुनते ही लोग कृषि और पारंपरिक उद्योगों की बात करते थे। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदृष्टि और सशक्त नीतियों ने अब यह धारणा बदल दी। आज लखनऊ, कानपुर और नोएडा जैसे शहरों में आईटी पार्क्स की जगमगाहट नई कहानी कह रही है। यूपी अब सिर्फ भारत का हृदय नहीं, बल्कि डिजिटल भारत का मस्तिष्क भी बनने की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि सूचना प्रौद्योगिकी केवल तकनीक नहीं, यह परिवर्तन की शक्ति है। सीएम योगी के इसी सूत्रवाक्य को आगे बढ़ते हुए प्रदेश के आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने हर युवा को अवसर देने और उत्तर प्रदेश को भारत का सबसे बड़ा आईटी हब बनाने की दिशा में ठोस प्रयास प्रारंभ किए हैं। 2015 में जहां प्रदेश का आईटी निर्यात केवल 15,000 करोड़ था, वहीं आज यह आंकड़ा 75,000 करोड़ से अधिक पहुंच चुका है। यह केवल एक आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि उन हजारों युवाओं की मेहनत और योगी सरकार के तकनीकी विजन की सफलता का प्रतीक है। योगी सरकार की सूचना प्रौद्योगिकी नीति 2017-2022 ने निवेशकों के लिए दरवाज़े खोले हैं। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया, पेटीएम, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, मैक इंडिया जैसी दिग्गज कंपनियों ने प्रदेश में निवेश कर भरोसे की नई मिसाल कायम की। परिणामस्वरूप ?5,584 करोड़ का निवेश और 53,000 रोजगार अवसर सृजित हुए। नई आईटी एवं आईटी जनित सेवा नीति-2022 के तहत दो नई परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया गया है, जिनसे 900 युवाओं को रोजगार मिलेगा। वहीं 48 करोड़ से अधिक निवेश वाली तीन परियोजनाएं मंज़ूरी के इंतज़ार में हैं। योगी सरकार ने आईटी और आईटीईएस क्षेत्र को उद्योग का दर्ज़ा देकर इतिहास रच दिया। अब आईटी कंपनियों को औद्योगिक श्रेणी की भूमि औद्योगिक दरों पर मिल रही है। इस फैसले से निवेशक आत्मविश्वास के साथ उत्तर प्रदेश को अपना ठिकाना बना रहे हैं। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के सहयोग से नोएडा, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज और आगरा में आईटी पार्क्स और एसटीपीआई केंद्र संचालित हो रहे हैं। अब यही रौशनी वाराणसी, बरेली और गोरखपुर की ओर बढ़ रही है, जहां नए केंद्र बन रहे हैं। इससे न केवल रोजगार बढ़ेगा, बल्कि छोटे शहर भी डिजिटल अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में शामिल होंगे। कानपुर की दीप्ति हो या गोरखपुर के आर्यन – इन युवाओं ने कभी सोचा भी नहीं था कि अपने ही शहर में बड़ी आईटी कंपनियों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। योगी सरकार की नीति ने उनकी यह इच्छा पूरी की है। आज ये युवा अपनी प्रतिभा से न सिर्फ अपनी पहचान बना रहे हैं, बल्कि प्रदेश को नई पहचान भी दे रहे हैं। प्रदेश सरकार ने आईटी और आईटीईएस परियोजनाओं के लिए एक डेडीकेटेड ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया है, जिससे आवेदन, स्वीकृति और प्रोत्साहन की प्रक्रिया अब पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी हो गई है।



## संदिग्ध हालत में मिला राजगीर का शव, 15 दिन पहले बना था पिता

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक राजगीर मिस्त्री का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक की पहचान जतिन (27) के रूप में हुई है, जिसके सिर पर गंभीर चोटों के निशान थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जतिन मूल रूप से बंथरा के रहीम नगर पड़ियाना स्थित बिल्लौच गढ़ी का रहने वाला था। वह पिछले लगभग चार महीने से अपनी पत्नी रागनी के साथ उन्नाव जिले के अचलगंज थाना अंतर्गत बलऊ खेड़ा में रह रहा था। जतिन की शादी करीब एक साल पहले हुई थी और 15 दिन पहले ही उसकी पत्नी रागनी ने एक बच्चे को जन्म दिया था। रविवार सुबह करीब 6 बजे बंथरा स्थित जतिन के पैतृक घर से लगभग 500 मीटर दूर सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। राहगीरों ने शव देखकर ग्रामीणों को बताया, जिसके बाद भीड़ जमा हो गई। जतिन की मां मंजू देवी ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान अपने बेटे जतिन के रूप में की। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में जतिन की मौत सड़क दुर्घटना में होने की आशंका है। हालांकि, गांव में यह चर्चा है कि जतिन की हत्या कर शव यहां फेंका गया है। मृतक की पत्नी रागनी ने बताया कि जतिन शनिवार सुबह करीब 9 बजे मजदूरी करने जाने की बात कहकर घर से निकला था। मंजू देवी ने पुलिस को दी शिकायत में भी किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से जतिन की मौत होने का संदेह जताया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच पड़ताल जारी है।

# परीक्षा निष्पक्ष एवं नकल विहीन कराना सुनिश्चित करें: अनुनय झा











राष्ट्रीय प्रस्तावना

हरदोई। जिलाधिकारी अनुनय झा ने पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के साथ स्थानीय जीआईसी, जीजीआईसी एवं बेणी माधव विद्यापीठ विद्यालय, हरदोई में बनाये गये पीसीएस परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा कक्ष, सीसी टीवी कैमरे एवं अभ्यर्थियों की उपस्थित आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होने विद्यालय प्रबन्धक एवं कक्ष निरीक्षकों को निर्देश दिये कि परीक्षा निष्पक्ष एवं नकल विहीन कराना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक ने विद्यालयों के मुख्य द्वार पर लगे पुलिस कर्मियों को निर्देश दिये कि परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केन्द्र की 100 मीटर परिधि के अन्दर किसी व्यक्ति को ठहरने न दे तथा सभी प्रकार की फोटो स्टेट मशीन आदि की दुकानों को बन्द कराये रखें।

## एसपी अशोक कुमार मीणा ने कोतवाली का किया औचक निरीक्षण



अभिलेखो का निरीक्षण करते एसपी अशोक कुमार मीणा फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

बेनीगंज (हरदोई)। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने कोतवाली बेनीगंज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अभिलेखों के रख-रखाव, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्षए भोजनालय व साफ-सफाई आदि की व्यवस्था परखी। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

रविवार शाम पुलिस अधीक्षक बेनीगंज कोतवाली का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान कार्यालय में अभिलेखों के रख रखाव, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष, भोजनालय, थाने की साफ-सफाई, बंदी गृह आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने खामियों को दुरुस्त करने के लिए भी निर्देश दिए। वहीं उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले फरियादियों के साथ पुलिस मधुर व्यवहार करे, उनकी शिकायतों का समय पर गुणवत्तापूर्वक समाधान कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। थाना क्षेत्र में गैंगस्टर व गुंडा एक्ट में निरुद्ध अपराधियों की निगरानी की जाए। क्षेत्र में नशा तस्करी पर पूर्णत: रोक लगाई जाए। वहीं क्षेत्र मे अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। जिसके लिए रात्रि गस्त ज्यादा से ज्यादा से करने के लिए कहा। इस दौरान कोतवाल ओमप्रकाश सरोज समेत समस्त पुलिस बल मौजूद रहा।

## ऑडिशन में प्रतिभाओं ने दिखाया दमखम





■ हरदोई मेला महोत्सव के अंतर्गत हुआ द्वितीय गायन व नृत्य का ऑडिशन

राष्ट्रीय प्रस्तावना

हरदोई। बहु प्रतीक्षित हरदोई मेला महोत्सव के ग्यारहवें सीजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम मे रविवार को शहर के श्रीश चंद्र बारातघर में नृत्य व गायन प्रतियोगिता के द्वितीय चरण के ऑडिशन का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभाओं ने अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाया।

ऑडिशन की शुरुआत मुख्य अतिथि निर्मल नर्सिंग होम से डॉ० आर.पी. गुप्ता, गायन के जज रवि तिवारी, डांस के जज गौरव शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलन व भगवान गणेश व माँ शारदा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि डॉ० आर. पी. गुप्ता ने कहा कि 11 वां सीजन हरदोई मेला महोत्सव ढेरो प्रतियोगिता को लेकर आ रहा है जिसमे प्रतिभागी अपनी प्रतिभा को दिखाने का सुनहरा अवसर मिल रहा है जिसमे वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकता है और एक नए आयाम को पा सकता है जो कि सराहनीय है। ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करते है। गायन प्रतियोगिता में आरन अग्रवाल, अक्षरा अग्रवाल, शिवम मौर्य, माही मिश्रा, खुशी, रूबी, साक्षी गुप्ता, क्षितिज वर्मा, शिखा, लव कुश सविता, सौरभ मौर्य, सुपर सीनियर विमला देवी में भाग किया। गायन के निर्णायक रवि तिवारी ने किया। नृत्य प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग ऋषिका, नैतिक पांडेय, आराध्या यादव, अर्पिता, दिव्या गुप्ता, लाहराज, आराध्या त्रिवेदी, यश गुप्ता, महक राज, अनुष्का सिंह, अनन्या श्रीवास्तव, प्रज्ञा भारती, किशन कुमार, अवनी तिवारी, आस्था, अंशिका सिंह सहित 150 बच्चो में ऑडिशन दिया। निर्णायक की भूमिका गौरव शुक्ला ने निभाई। संचालन कुलदीप द्विवेदी ने किया।

इस अवसर पर मुख्य आयोजक रवि किशोर गुप्ता, अजीत शुक्ल, आयुषी रस्तोगी, रज्जन सिंह, करुणा शंकर द्विवेदी, विपिन मिश्रा, शरद कश्यप, अनुज सिंह, अतिशय पाण्डेय, शिवा सक्सेना, अजय कुमार आदि रहे।

## शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन

कछौना (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष एवं विजयदशमी के उपलक्ष्य में रविवार को संघ की दृष्टि से संडीला जिले के कछौना खंड में सैकड़ो स्वयंसेवकों के साथ भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया! पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवक संघ पारंपरिक गणवेश में अनुशासन एवं एकता का परिचय देते हुए कतारबद्ध कदमताल करते निकले। यात्रा नगर स्थित संगीता सरस्वती शिशु मंदिर से आरंभ होकर नगर के सभी मुख्य मार्गो से होते हुए आरंभ स्थल पर ही राष्ट्रगीत के साथ संपन्न हुई! संचलन मार्ग में नगर वासियों ने अपने घरों व प्रतिष्ठानों के सामने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय संगठन मंत्री संस्कृत भारती प्रमोद, जिला प्रचारक कमलेश, जिला संघ रूद्रपाल, सह जिला कार्यवाह शशांक, खंड कार्यवाह अमित, सामाजिक समरसता प्रमुख रामशंकर, जिला धर्म जागरण प्रमुख ओम प्रकाश सहित संघ के कई प्रमुख पदाधिकारियों सहित सैकड़ो स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय संगठन मंत्री संस्कृत भारती प्रमोद ने संघ के शताब्दी वर्ष को समर्पण, सेवा और राष्ट्र निर्माण का प्रतीक बताया! हमें प्रत्येक क्षेत्र में स्व का बोध व नागरिक अनुशासन में रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक राष्ट्रहित, समाज सेवा, संस्कार और एकता के भाव को मजबूत करने का लगातार कार्य कर रहे हैं।





### मंसूरनगर में गूंजी शिव बारात की जयघोष, भक्त हुए भावविभोर

हरियावाँ (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)। मंसूर नगर में चल रहे भागवत कथा सप्ताह यज्ञ के तीसरे दिन का दृश्य मानो कैलाश धाम की झलक प्रस्तुत कर रहा था। कथा व्यास पंडित कौशल मिश्र 'कमजोर' ने भगवान शंकर-पार्वती विवाह का मनोहारी प्रसंग जब सुनायाए तो पूरा पंडाल भक्ति रस में सराबोर हो गया। पंडित कौशल मिश्र ने बड़ी ही भावनात्मक शैली में बताया कि कैसे हिमालय की पुत्री पार्वती ने वर्षों तपस्या कर भोलेनाथ को पति रूप में प्राप्त किया। जैसे-जैसे कथा आगे बढ़ी, श्रोताओं के चेहरों पर श्रद्धा और उल्लास की चमक बढ़ती चली गई। जब कथा व्यास ने शिव बारात के प्रस्थान का प्रसंग सुनाया-भूत, प्रेत, गंधर्व, यक्ष, नाग और देवताओं से सजी विचित्र बारात का वर्णन किया तो पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। कथा के दौरान मंच पर शिव बारात की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। झांकी में भगवान शिव रथ पर विराजमान, पार्वती जी श्रृंगार से सुसज्जित और नंदी पर सवार गणों की मनमोहक झलक देखकर बच्चों से लेकर वृद्धों तक सब मंत्रमुग्ध हो उठे। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कथा यजमान रामदास गुप्ता और रजत गुप्ता ने पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया और अतिथियों का स्वागत किया। शाम होते-होते पूरा पंडाल दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। हर ओर शंखनाद, ढोल-नगाड़ों की धुन और भक्तों के जयकारों से माहौल भक्तिमय बन गया। कथावाचक ने अंत में संदेश दिया- शिव-पार्वती का मिलन संसार में प्रेम, समर्पण और संतुलन का प्रतीक है। जो इस कथा को श्रद्धा से सुनता है, उसके जीवन में सद्भाव और सुख की वृद्धि होती है। इस दिव्य प्रसंग ने श्रोताओं के हृदय में भक्ति और आनंद का अमिट संचार कर दिया।

## पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कछौना (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लगभग डेढ़ महीने पहले वादिनी ने कोतवाली कछौना पर तहरीर दी गयी कि अभियुक्त गुड्डू पुत्र छोट्टा निवासी ग्राम बाघाडाडा कोतवाली कछौना जनपद हरदोई द्वारा वादिनी की पुत्री के साथ गलत काम किया गया। इस संबंध में वादिनी की तहरीर के आधार पर कोतवाली कछौना पर मु0अ0सं0 317/25 धारा 65(2)/115(2) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट बनाम नामजद अभियुक्त उपरोक्त पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट के स्थान पर 5 (द)/6 की वृद्धि की गयी। कछौना पुलिस ने उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद अभियुक्त गुड्डू पुत्र छोट्टा निवासी ग्राम बाघाडाडा कोतवाली कछौना जनपद हरदोई को गिरफ्तार कर अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।



# शिक्षक विरोधी प्राविधानों को हटाने के लिए संघर्ष किया जाएगा





■ अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी की बैठक तय की गई रणनीति

राष्ट्रीय प्रस्तावना

हरदोई। रविवार को अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी की बैठक तमिलनाडु के मदुरई में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भारत के लगभग 20 प्रांतों के अध्यक्ष व मंत्री सहित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में जिला अध्यक्ष हरदोई एवं राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक आलोक मिश्रा द्वारा संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती एवं शिक्षकों की टीईटी के अनिवार्यता के संबंध में रणनीति तय की गई। बैठक में टीईटी अनिवार्यता के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल किया गया है तथा सड़क पर आंदोलन की रणनीति भी तय की गई। पुरानी पेंशन बहाली सहित राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षक विरोधी प्राविधानों को हटाने के लिए संघर्ष किया जाएगा।

## युग पुरुष थे बाबू मोहनलाल वर्मा: प्रो० कौशलेंद्र



राष्ट्रीय प्रस्तावना

हरदोई। प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और सीएसएन महाविद्यालय के संस्थापक बाबू मोहनलाल वर्मा की जयंती रविवार को महाविद्यालय में मनाई गई।

प्राचार्य प्रो० कौशलेंद्र कुमार सिंह ने उनके जंगे आजादी में संघर्ष की चर्चा करते हुए उन्हें कुशल राजनीतिज्ञ व युगपुरुष बताया। पूर्व प्राचार्य प्रो नरेश चंद्र शुक्ला ने उन्हें बहुआयामी व्यक्तित्व का धनी बताया। प्रो० अखिलेश वाजपेई ने शिक्षाए राजनीति व समाज सेवा के क्षेत्र में उनके किये कार्यों की सराहना करते हुए नगर में स्थित राम बाजपेई विद्यालय, सी०एस०एन० महाविद्यालय आदि अनेक शैक्षिक संस्थानों का उन्हें संस्थापक बताया। अनमोल शुक्ला, शाइस्ता बानो, हर्ष मिश्रा, कृतार्थ पाठक, शत्रुघ्न पांडे, समीक्षा तिवारी आदि छात्र-छात्राओं ने उनसे संबंधित गीत व विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उनके सुपौत्र प्रभात वर्मा, अतुल मिश्रा, एड० सुरेश वर्मा, प्रो० पुष्पा रानी गंगवार, जितेंद्र सिंह चौहान, डॉ० दीपक कुमार राय, राकेश सिंह, कुश कुमार मिश्रा, माया प्रकाश, आशुतोष सिंह, अरविंद सिंह, संतोष, विवेक सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## आर्य समाज हरपालपुर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव संपन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना



हरपालपुर (हरदोई)। कस्बे के एक गेस्ट हाउस में आर्य समाज हरपालपुर के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के समापन दिवस पर पर रविवार को नोएडा से आयी भजनोपदेशिका अलका आर्य ने कहा कि विषय भोगों से दूर हुए बिना मनुष्य का अंत:करण शुद्ध नहीं हो सकता। अंत:करण शुद्ध हुए बिना ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं है। मुरादाबाद से आए वैदिक प्रवक्ता स्वामी मोक्षनंद ने कहा कि तीनों अनादि पदार्थो में ईश्वर ही उपासनीय है ईश्वर के गुणों से अपने गुणों का सुधार करना ही ईश्वर की निकटता प्राप्त करना है। मथुरा से आये वैदिक प्रवक्ता आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि मनुष्य व परमात्मा की स्थान और समय की दूरी नही है। परमात्मा से अज्ञानता व अविद्या के कारण दूरी है। यह दूरी खत्म होते ही हम सभी को ईश्वर के दर्शन हो जाते हैं। वेद ज्ञान के अनुकूल पदार्थ का यथार्थ पर ज्ञान प्राप्त करके मोक्ष प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए। शाहजहांपुर से आए भजनोपदेशक संत कुमार आर्य ने महर्षि दयानंद के तप त्याग और पुरुषार्थ पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रवक्ता डॉ शिव स्वरूप पांडेय ने भक्तों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन आर्येंद्र पांडेय ने किया।

इस मौके पर मुख्य यजमान मिथिलेश कुमार, हरिशंकर, रामप्रताप पांडेय, कमलेश, लालू शर्मा, डॉ० राहुल तिवारी, डॉ० शीला पांडेय, रविन्द्रनाथ अग्निहोत्री, यज्ञदत्त रहे।

## गणेश पूजन के साथ रामलीला का मंचन शुरू किया गया

राष्ट्रीय प्रस्तावना



हरपालपुर (हरदोई)। मां फूलमती मंदिर में शनिवार गणेश पूजन के साथ रामलीला का मंचन शुरू किया गया। भगवान गणेश की आरती के साथ रामलीला का मंचन शुरू किया हुआ। रामलीला में कलाकारों ने पहले दिन नारद मोह भंग और रावण जन्म लीला का बहुत ही सुंदर ढंग से मंचन किया।

रामलीला में दिखाया गया कि भगवान विष्णु के परम भक्तों में नारद जी भी हैं। एक बार तप और ज्ञान पर नारद मुनि को अभिमान हो गया। वे सोचने लगे कि वे मोह माया से मुक्त हैं। भगवान विष्णु ने उनकी इस भ्रांति को दूर करने के लिए खेल रचा। विष्णु भगवान ने नारद मुनि को एक सुंदर नगरी दिखाई। राजकुमारी विश्व मोहिनी के साथ नारद मुनि का विवाह तय हुआ। नारद मुनि ने भगवान से सुंदर रूप मांगा, लेकिन विष्णु ने उन्हें वानर रूप में बदल दिया। विश्वमोहिनी तब नारद को देखकर हंसी और विवाह का प्रस्ताव ठुकरा दिया। क्रोधित नारद मुनि ने विष्णु भगवान को श्राप देना चाहा तो भगवान ने उन्हें पूरी बात बताई। नारद मुनि को अपने अभिमान की जानकारी हुई और उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी। इस मौके पर बबलू सिंह, विकास श्रीवास्तव, अरविंद मिश्रा, वेदपाल गुप्ता, इंद्रपाल सिंह भूरा, हरिनाम सिंह, मिंटू सिंह, राकेश अग्निहोत्री, अनुराग श्रीवास्तव, शैलेन्द्र सिंह, सबित, मनीष तिवारी, भानदत्त, मनोज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# आखिरकार शांति

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारी दबाव व मध्यपूर्व के देशों की पहल के बाद गाजा में इस्राइल व हमास के बीच संघर्ष विराम की तसवीर उभरी है। यह कहना कठिन है कि यह समझौता कितने दिन टिकेगा क्योंकि समझौते के बाद भी इस्राइल ने गाजा के कुछ इलाकों में बमबारी की है। कहना मुश्किल है कि ट्रंप वास्तव में गाजा के लोगों को न्याय दिलाने चाहते हैं, या उनके समझौते के प्रयासों का लक्ष्य नोबेल शांति पुरस्कार पाना था। दरअसल, शांति के नोबेल पुरस्कार की घोषणा और युद्धविराम की घोषणा की तिथियां आसपास ही थीं। नोबेल शांति पुरस्कार के लिये ट्रंप जैसा उतावलापन दिखा रहे थे, उससे दुनिया की नंबर एक महाशक्ति के नायक की जगहंसाई ही हुई है। बहरहाल, गाजा में शांति स्थापना के प्रयासों का सिरे चढ़ना स्वागतयोग्य ही कहा जाएगा। हालांकि, इस समझौते के लिये ट्रंप द्वारा इस्राइल व हमास पर भारी दबाव डाला गया। दबाव में किया गया यह समझौता कितने दिन टिकेगा, कहना मुश्किल है। समझौते के बाद भी इस्राइल की बमबारी इस समझौते की दुखती रग है। वहीं हमास बीस सूत्री समझौते पर कितने दिन कायम रहता है, ये आने वाला वक्त ही बताएगा। समझौते की शर्तों में हमास का निशस्त्रीकरण करना और गाजा में उसकी प्रशासनिक दखल बंद करना भी शामिल है। कहना कठिन है कि अरब देशों के दबाव में बातचीत की टेबल पर आया हमास इन शर्तों पर कब तक कायम रह पाता है। वह समझौते की टेबल पर तब आया जब ट्रंप ने समझौता न करने पर नेस्तनाबूद करने की धमकी दे दी थी। उल्लेखनीय है कि इस्राइल और हमास के बीच दो साल से जारी संघर्ष के बीच अमेरिका ने यह शांति योजना पेश की थी। जिसे मिस्र में आयोजित बातचीत में हितधारकों ने अंतिम रूप दिया। जिससे इस अशांत क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में शांति की उम्मीद हकीकत बनी। दरअसल, इस संघर्ष से न केवल गाजा बल्कि लेबनान, यमन और ईरान तक को अपनी चपेट में ले लिया था। दरअसल, यह संघर्ष दो साल पहले तब शुरू हुआ जब 7 अक्तूबर को हमास के आतंकवादियों ने इस्राइल में घुसकर कोहराम मचाया। उस हमले में बारह सौ इस्राइली व कुछ विदेशी मारे गए थे और ढाई सौ लोगों को बंधक बनाकर हमास के हमलावर गाजा ले गए थे। उसके जवाब में इस्राइल द्वारा किए गए ताबड़-तोड़ हमलों में करीब 65 हजार से अधिक फलस्तिनियों के मारे जाने का दावा किया जाता है। आज गाजा भूतहा खंडहरों के शहर में तब्दील हो चुका है। लाखों लोगों को बार-बार पलायन के लिये मजबूर होना पड़ा है। विडंबना यह है कि भले ही इस्राइल ने हमास के क्रूर हमले के जवाब में सैन्य कार्रवाई की हो, मगर इन हमलों का शिकार आम फलस्तीनी नागरिकों को होना पड़ा है। मरने वालों में बड़ी संख्या बच्चों और महिलाओं की है। यहां अस्पताल से लेकर तमाम सार्वजनिक सेवाएं ध्वस्त हो चुकी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने पुष्टि की थी कि गाजा में लोग भुखमरी के शिकार हैं क्योंकि इस्राइल ने राहत सामग्री के पहुंचने के सारे रास्ते बंद कर दिए थे। इस्राइल और अमेरिका की देखरेख में शुरू किए गए कथित राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में इस्राइली हमलों में हजारों फलस्तीनी मारे गए थे। कालांतर, यह लड़ाई इस्राइल व लेबनान के बीच संघर्ष में तब्दील हुई। हूती विद्रोहियों के साथ संघर्ष के बाद लड़ाई ईरान तक पहुंची। हूतियों के हमलों से समुद्री मार्ग से होने वाला वैश्विक व्यापार तक बुरी तरह प्रभावित हुआ। बहरहाल, अब जब इस्राइल व हमास संघर्ष विराम पर राजी हो गए हैं तो अब प्रयास हो कि यह शांति स्थायी हो सके। हालांकि, मौजूदा हालात में यह कहना कठिन है कि बेहद आक्रामक तेवर दिखा रहा इस्राइल भविष्य में चुप बैठेगा। हमास बीस इस्राइली बंधकों तथा मारे गए लोगों के शव लौटाने को राजी हुआ है। जिसके बदले में इस्राइल द्वारा हमास के कुछ लड़ाकों समेत हजारों फलस्तीन कैदियों को रिहा किया जाना है। कहने को तो गाजा से इस्राइली सैनिकों की वापसी की शर्त भी है, लेकिन अमेरिकी सरपरस्ती में निरंकुश व्यवहार कर रहे इस्राइल से इस मुद्दे पर आश्वस्त नहीं हुआ जा सकता है।

**नोबेल शांति पुरस्कार के लिये ट्रंप जैसा उतावलापन दिखा रहे थे, उससे दुनिया की नंबर एक महाशक्ति के नायक की जगहंसाई ही हुई है। बहरहाल, गाजा में शांति स्थापना के प्रयासों का सिरे चढ़ना स्वागतयोग्य ही कहा जाएगा। हालांकि, इस समझौते के लिये ट्रंप द्वारा इस्राइल व हमास पर भारी दबाव डाला गया। दबाव में किया गया यह समझौता कितने दिन टिकेगा, कहना मुश्किल है। समझौते के बाद भी इस्राइल की बमबारी इस समझौते की दुखती रग है। वहीं हमास बीस सूत्री समझौते पर कितने दिन कायम रहता है, ये आने वाला वक्त ही बताएगा। समझौते की शर्तों में हमास का निशस्त्रीकरण करना और गाजा में उसकी प्रशासनिक दखल बंद करना भी शामिल है।**

# घोष केवल संगीत और वादन नहीं, यह साधना है

नितिन गर्गे

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जब भी पथ संचलन निकलता है, तब घोष उसका सौंदर्य बढ़ाता है। संघ कार्य का यह शताब्दी वर्ष है। इन 100 वर्षों में जिस प्रकार संघ का क्रमिक विकास हुआ है, उसी प्रकार संघ के घोष का भी क्रमिक विकास हुआ है। दिसंबर, 1926 में जब संघ का पहला पथ संचलन निकला था, तब घोष में केवल एक आनक और एक शंख ही शामिल हुआ था। घोड़े पर चढ़कर पहले सरसेनापति मार्तंड राव जोग आगे चलते थे तथा पीछे बिगुल वादक एवं स्वयंसेवक संचलन करते थे। विगत 100 वर्षों में यह यात्रा घोष की बड़ी और समृद्ध इकाई तक पहुँच गई है। घोषदल की इकाई में पणव (बास ड्रम), आनक (साइड ड्रम), शंख, वंशी, झल्लरी (झांझ), ट्राइंगल (त्रिभुज ), नियंत्रण और संकेत के लिए घोषदंड शामिल रहता है। आरएसएस का मत है कि घोष केवल संगीत का माध्यम नहीं, बल्कि यह वीरता, पराक्रम और राष्ट्रनिर्माण की भावना का प्रतीक है। शंख, ढोल और रणभेरी जैसे वाद्ययंत्र प्राचीन काल से ही ऊर्जा, उत्साह और विजय के संदेशवाहक रहे हैं। युद्धभूमि में भी ये रणवाद्य वीरता और उमंग का संचार करते थे। संघ का घोष दल उसी गौरवशाली परंपरा को आज के समाज तक पहुंचा रहा है। समय के साथ विदेशी ब्रास बैंड का प्रचलन बढ़ा, लेकिन संघ के घोष में जो धुनें बजाई जाती हैं, वे भारतीय रागों पर आधारित होती हैं। यहां तक कि विदेशी धुनों को भी भारतीय स्वरूप में ढालकर उन्हें हमारी सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप प्रस्तुत किया जाता है। प्रारंभिक समय में अंग्रेजी पद्धति का घोष सिखाया जाता था। बाद में, पुणे के वरिष्ठ स्वयंसेवक हरि विनायक दात्ये ने अथक परिश्रम कर इसका भारतीयकरण किया तथा सारे घोष वाद्यों की लिपि को भातखंडे लिपि में लिपिबद्ध किया। उनके द्वारा किया गया यह प्रयास संगीत के क्षेत्र में किया गया अद्भुत योगदान सिद्ध हुआ। आज सम्पूर्ण देश में घोष, जिसे रण संगीत के रूप में जाना जाता है, प्रचलित है। अपने भारतीय रागदारी से युक्त यह लिपि विभिन्न तालों जैसे कहरवा, दादरा, खेमटा पर आधारित है। आज इन तालों पर आधारित अनेक रचनाओं का निर्माण स्वयंसेवकों द्वारा किया गया है, जैसे- गणेश, भूप, केदार, शिवरंजिनी, चेतक, तिलक कामोद आदि सभी वाद्यों में कुल 90 से अधिक रचनाओं का समावेश है। जिस प्रकार माथे पर लगी बिंदी अपना विशेष स्थान रखती है, उसी प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में घोष का स्थान है। संचलन में घोष का स्वर स्वयंसेवकों में जोश एवं उत्साह भर देता है। मध्यभारत प्रान्त में लगभग 180 से अधिक घोष की इकाई है जहाँ घोष का अभ्यास होता है। अलग रुचि एवं आयु वर्ग के करीब 4000 वादक जुड़े हुए हैं। विजयादशमी पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में मध्यभारत प्रांत में एक नए इतिहास का सृजन करने जा रहा है। पहली बार नगर-नगर, गली-गली और छोटी-छोटी इकाइयों तक में पथ संचलन का भव्य आयोजन हो रहा है, इसके लिए बड़ी संख्या में घोष दल तैयार हुए हैं। 180 से अधिक प्रशिक्षित घोष शिक्षकों द्वारा नये स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया है। शताब्दी वर्ष के लिए प्रत्येक नगर में 8 से 10 घोष इकाई (वाद्य दल) तैयार हो गई हैं। नवम्बर 2021 में ग्वालियर में 'स्वर साधक संगम' घोष शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें सम्पूर्ण प्रान्त के 27 जिलों से 500 से अधिक वादकों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत भी उपस्थित रहे। इसी प्रकार, भोपाल के प्रताप जिले द्वारा अपना वार्षिकोत्सव 'स्वर नाद संगम' किया गया था, जिसमें कक्षा 4 से लेकर महाविद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा 5 भागों मे 29 रचनाओं का वादन प्रस्तुत किया गया। इनमें घोष विभाग की प्रथम लिखित रचना गणेश गोरखकल्याण, प्रसाद, जननी, हंसध्वनि तथा गीत जयोस्तुते, आर्यावर्त, ए मेरे प्यारे वतन, केशव रचना का मनमोहक आकृतियों के प्रदर्शन पर वादन किया गया। संघ में घोष का क्या महत्व है, इस संदर्भ में सह सरकार्यवाह आलोक कुमार कहते हैं कि ‟संघ में घोष केवल वादन या मनोरंजन नहीं है, बल्कि यह एक साधना है, जो मनुष्य को अनुशासन, समन्वय और राष्ट्रहित से जोड़ती है।” इसके साथ ही वेद मंत्र ‟सङ्गच्छध्वं संवदध्वं, सं वो मनांसि जानताम्। देवा भागं यथा पूर्वे, संज्जानाना उपासते।” का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि जब सभी मिलकर एक साथ चलते हैं तो केवल कदम ही नहीं, बल्कि मन भी एक हो जाते हैं। यही घोष साधना का उद्देश्य है- राष्ट्र को एक दिशा में, एक मन होकर आगे बढ़ाना।

**प्रारंभिक समय में अंग्रेजी पद्धति का घोष सिखाया जाता था। बाद में, पुणे के वरिष्ठ स्वयंसेवक हरि विनायक दात्ये ने अथक परिश्रम कर इसका भारतीयकरण किया तथा सारे घोष वाद्यों की लिपि को भातखंडे लिपि में लिपिबद्ध किया। उनके द्वारा किया गया यह प्रयास संगीत के क्षेत्र में किया गया अद्भुत योगदान सिद्ध हुआ। आज सम्पूर्ण देश में घोष, जिसे रण संगीत के रूप में जाना जाता है, प्रचलित है। अपने भारतीय रागदारी से युक्त यह लिपि विभिन्न तालों जैसे कहरवा, दादरा, खेमटा पर आधारित है। आज इन तालों पर आधारित अनेक रचनाओं का निर्माण स्वयंसेवकों द्वारा किया गया है, जैसे- गणेश, भूप, केदार, शिवरंजिनी, चेतक, तिलक कामोद आदि सभी वाद्यों में कुल 90 से अधिक रचनाओं का समावेश है। जिस प्रकार माथे पर लगी बिंदी अपना विशेष स्थान रखती है, उसी प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में घोष का स्थान है। संचलन में घोष का स्वर स्वयंसेवकों में जोश एवं उत्साह भर देता है। मध्यभारत प्रान्त में लगभग 180 से अधिक घोष की इकाई है जहाँ घोष का अभ्यास होता है। अलग रुचि एवं आयु वर्ग के करीब 4000 वादक जुड़े हुए हैं। विजयादशमी पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में मध्यभारत प्रांत में एक नए इतिहास का सृजन करने जा रहा है। पहली बार नगर-नगर, गली-गली और छोटी-छोटी इकाइयों तक में पथ संचलन का भव्य आयोजन हो रहा है, इसके लिए बड़ी संख्या में घोष दल तैयार हुए हैं। 180 से अधिक प्रशिक्षित घोष शिक्षकों द्वारा नये स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया है। शताब्दी वर्ष के लिए प्रत्येक नगर में 8 से 10 घोष इकाई (वाद्य दल) तैयार हो गई हैं।**

# अधिक मात्रा में दर्द निवारक दवाएं लेना हानिकारक

सुभाष आनंद

विश्व हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट में प्रकाशित जानकारी के अनुसार एशिया में रहने वाले अधिकतर लोग पीठ दर्द ,सिर दर्द एवं शरीर के अन्य दर्दों के लिए डॉक्टर की पर्ची के बगैर पैन किलर दवाइयों का बड़े धड़ल्ले से प्रयोग कर रहे हैं। भारत में लोग डॉक्टरों द्वारा सुझाई गई डोज से तीन गुना अधिक दवाइयां अपने शारीरिक दर्द को दूर करने के लिए ले रहे हैं। आर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर निखिल गुप्ता का कहना है कि लोग दर्द से छुटकारा पाने के लिए पीड़ानाशक दवाइयों का प्रयोग करते हैं ताकि शरीर की पीड़ा कम हो सके, लेकिन यह कटु सच्चाई यह है कि दीर्घ अवधि में शरीर पर इन दवाईयों का बुरा प्रभाव देखने को मिल सकता है। डॉक्टर निखिल का कहना है कि यह दवाएं तीन प्रकार की होती है, स्टेरॉयड से बनी, स्टेरॉइड रहित और नशीले पदार्थों से बनी। अनपढ़ हों या पढ़े लिखे लोग सभी पेट दर्द एवं शरीर में किसी अन्य प्रकार के दर्द में ये दवाएं प्रयोग में लाते हैं। अधिकतर लोग स्टेरॉयड रहित दर्द निवारक दवाईयों का प्रयोग करते हैं, क्योंकि यह ज्यादा प्रभावशाली होती है। शहरों और गांवों में काम कर रहे आर.एम.पी डॉक्टर दर्द के लिए नशीली दवाओं का ज्यादा प्रयोग करते हैं। ऐसी दवाईयों को खाने से शरीर में जहर पनपने लगता है। इन दवाईयों का प्रयोग मरीजों को डॉक्टर के परामर्श के बगैर नहीं करना चाहिए । जेनेसिस सुपर स्पेशलिटी की डॉक्टर कनिष्क किनरा का कहना है कि डॉक्टर इन दर्द निवारक दवाओं को निर्धारित समय के लिए निर्धारित परिस्थितियों में ही सेवन करने को कहते हैं ,जोड़ों के दर्द से पीड़ित रोगियों को ज्यादा देर तक असर देने वाली दर्द निवारक दवाओं की जरूरत होती है और इन दवाईयों के दुष्परिणाम भी ज्यादा होने का संदेह बना रहता है। डॉक्टर कनिष्क किनरा का कहना है कि पंजाब में अधिकतर आरएमपी डॉक्टर ऐसी दर्द निवारक दवाई का प्रयोग करते हैं जिसमें स्टेरायड ज्यादा होते हैं, रोगी को दर्द से राहत तो मिल जाती है, परंतु यह दवाएं मानव जीवन में हल्का सा जहर बनकर उभरती हैं। लंबे समय तक इन दवाईयों के सेवन से शरीर में कई प्रकार की मुश्किलें पैदा हो सकती है, इन दवाईयों का सेवन कम से कम तीन दिन और अधिक से अधिक 7 दिन तक ही करना चाहिए। डॉक्टर किनरा का कहना है कि कुछ हालातों, जैसे बदहजमी अथवा लीवर की समस्याओं में दर्द निवारक दवा रोगी की वर्तमान स्थिति को और खराब कर सकते हैं ,ऐसी स्थिति में रोगी को 10 दिनों जैसी छोटी सी अवधि के लिए एनाल्जेसिक दवा का प्रयोग हानिकारक है। डॉक्टरों का कहना है कि शराब के साथ दर्द निवारक दवाई का प्रयोग हानिकारक हो सकता है, क्योंकि यह कॉकटेल बनाता है। जिसके कारण कभी-कभी जान का खतरा भी बन सकता है। दवाई लेने से पहले आपको अपने डॉक्टर को सच-सच बताना चाहिए कि आप कितनी शराब पीते हैं ताकि डॉक्टर आपको वही दवाएं दे जो शराब पीने के पश्चात भी हानिकारक सिद्ध ना हो। डॉक्टर रोशन लाल तनेजा सेवानिवृत्त सिविल सर्जन का भी कहना है कि मरीज को डॉक्टर से किसी चीज को छुपाना नहीं चाहिए ताकि डॉक्टर मरीज का सही इलाज कर सके, इन दवाईयों का सबसे गंभीर दुष्परिणाम रक्तस्राव के रूप में देखा जा सकता है जिसमें उल्टी के साथ खून का आना अथवा पेट में अल्सर का बनना मुख्य है। एस्प्रिन की गोली खाने वाले मरीजों में यह बीमारी बढ़ती जाती है। डॉ कमल बागी डायरेक्टर अनिल बागी सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल का कहना है कि दर्द निवारक दवाई खाने से पहले डॉक्टर की सलाह अवश्य लेनी चाहिए ,एनीमिया से पीड़ित कुछ रोगियों के लिए इनके सेवन से लीवर फ़ेल होने के कारण भी बन सकते है, कुछ रोगियों में अलसर होने की संभावना बढ़ जाती है। डॉक्टरों का कहना है कि एनीमिया से पीड़ित कुछ रोगियों के लीवर फ़ेल होते देखे जा सकते है, उन्हें छोटी आंत में दर्द निवारक दवाई के सेवन से अलसर हो गया था। डॉक्टर कनिष्क किनरा ने बताया कि दर्द निवारक दवाओं के सेवन में पेरासिटामोल दो ग्राम प्रतिदिन से अधिक नहीं लेनी चाहिए। ट्रामाडोल लंबे समय तक ली जा सकती है। परंतु इन्हें भी अति आवश्यक माना जाए तो आपको इनकी लत भी हो सकती है। डॉक्टर रॉबिन गुप्ता ने बताया कि स्टॉराइड रहित नशीले पदार्थों से बनी दर्द निवारक दवाई व्यक्ति के रक्तचाप को बढ़ा सकती है और उसे हाइपरटेंशन हो सकता है। ऐसे में दवाइयां का प्रयोग कम से कम मात्रा में किया जाना चाहिए। डॉ. कमल बागी का कहना है कि जिन्होंने दर्द निवारक दवाई अधिक मात्रा में ली है उन्हें हार्टअटैक का खतरा अधिक होता है। डॉक्टरों का मत है कि दर्द निवारक दवाइयां आपके शरीर के लिए जहर साबित हो सकती हैं तथा आपके स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकती हैं, इसलिए डॉक्टरों की सलाह के बिना ऐसी कोई भी दवाई नहीं लेनी चाहिए जो शरीर के लिए जहर साबित हो।

**आर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर निखिल गुप्ता का कहना है कि लोग दर्द से छुटकारा पाने के लिए पीड़ानाशक दवाइयों का प्रयोग करते हैं ताकि शरीर की पीड़ा कम हो सके, लेकिन यह कटु सच्चाई यह है कि दीर्घ अवधि में शरीर पर इन दवाईयों का बुरा प्रभाव देखने को मिल सकता है। डॉक्टर निखिल का कहना है कि यह दवाएं तीन प्रकार की होती है, स्टेरॉयड से बनी, स्टेरॉइड रहित और नशीले पदार्थों से बनी। अनपढ़ हों या पढ़े लिखे लोग सभी पेट दर्द एवं शरीर में किसी अन्य प्रकार के दर्द में ये दवाएं प्रयोग में लाते हैं। अधिकतर लोग स्टेरॉयड रहित दर्द निवारक दवाईयों का प्रयोग करते हैं, क्योंकि यह ज्यादा प्रभावशाली होती है। शहरों और गांवों में काम कर रहे आर.एम.पी डॉक्टर दर्द के लिए नशीली दवाओं का ज्यादा प्रयोग करते हैं। ऐसी दवाईयों को खाने से शरीर में जहर पनपने लगता है। इन दवाईयों का प्रयोग मरीजों को डॉक्टर के परामर्श के बगैर नहीं करना चाहिए । जेनेसिस सुपर स्पेशलिटी की डॉक्टर कनिष्क किनरा का कहना है कि डॉक्टर इन दर्द निवारक दवाओं को निर्धारित समय के लिए निर्धारित परिस्थितियों में ही सेवन करने को कहते हैं ,जोड़ों के दर्द से पीड़ित रोगियों को ज्यादा देर तक असर देने वाली दर्द निवारक दवाओं की जरूरत होती है।**

# गहन चोट से शब्दों का अभाव

हृदयनारायण दीक्षित

राष्ट्र स्तब्ध है। देश की सर्वोच्च न्यायपीठ के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंके जाने की घटना से जन गण मन आहत है। हालांकि मुख्य न्यायाधीश ने अब तक घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। अब उन्होंने कहा है कि, ‟जो कुछ हुआ उससे बहुत स्तब्ध था। मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि उनके सहयोगी न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां ने इससे भिन्न राय प्रकट की है। यह अच्छी बात है कि मुख्य न्यायाधीश ने इसे एक भुला दिया गया अध्याय बताया है, लेकिन देश में इस घटना पर अच्छी खासी बहस है। भुइयां ने कहा है, इस पर मेरी अपनी राय है। वह भारत के चीफ जस्टिस हैं। यह उच्चतर संस्था का अपमान है। राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित इस घटना ने कई दिशाओं में नया सोचने की आवश्यकता प्रकट की है। घटना की गंभीरता का पता इसी बात से चलता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी घटना की निंदा की है। प्रधानमंत्री ने मुख्य न्यायाधीश से व्यक्तिगत बात भी की। देश का बड़ा हिस्सा अवाक है। भारतीय राजव्यवस्था की तीन प्रमुख संस्थाएं हैं। विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका के मध्य शक्ति के पृथक्करण प्रत्यक्ष हैं। भारतीय न्यायपालिका की प्रतिष्ठा विश्वस्तरीय है। न्यायपालिका विधि की व्याख्या करती है। इसका खूबसूरत इतिहास है। खेदजनक है कि इसी गौरवशाली इतिहास में यह एक आत्महीन अध्याय जुड़ गया है। आगे आने वाली पीढ़ियां इस घटना के विवरण पढ़ेंगीं। लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को अपना मत व्यक्त करने का अधिकार है और यह अधिकार संवैधानिक भी है। इस घटना के आरोपी अधिवक्ता राकेश किशोर को ऐसी विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं दी जा सकती। यहां प्रश्न अभिव्यक्ति की आजादी का है भी नहीं। यह सीधे आपराधिक कृत्य है। आदर्श समाज‟में परस्पर सम्मान की प्रकृति स्वाभाविक आवश्यकता होती है। प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, महिमा और निजता के सम्मान से समाज मजबूत होते हैं। भारतीय समाज में ऊंचे आदर्श और प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, महिमा का सम्मान हजारों वर्षों की प्राचीन परंपरा है। महाभारत और रामायण जैसे महाकाव्यों में पक्ष और विपक्ष के संवाद आदर से भरे पूरे हैं। इस घटना से भारत के मन में एक गहन पीड़ा उठी है। हम अपने बच्चों को सिखाते हैं। उन्हें सभ्यता के संस्कार देते हैं। करणीय-अकरणीय की सूची बताते हैं। युवा मन 15-20 वर्ष से प्रारंभ होता है। परिवार और समाज में इस बात का प्रशिक्षण मिलता है कि अपशब्द से बचना चाहिए। अपशब्द उचित नहीं होते। विद्यालय और कॉलेज जैसे शिक्षण संस्थाएं संस्कारवान पीढ़ी तैयार करते हैं। समाज के सभी रिश्ते नाते प्रेम पूर्ण व्यवहार का ही प्रतिपादन करते हैं। अधिवक्ता की डिग्री सामान्य कागज का टुकड़ा नहीं है। यह किसी भी व्यक्ति को किसी भी अन्य व्यक्ति की तरफ से बोलने का अधिकार देती है। न्यायालय औपचारिक रूप में ही नहीं आदर के योग्य हैं, वे वास्तव में न्याय के मंडप, मंदिर हैं। इसलिए न्यायालय में अधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले अधिवक्ता, न्यायमूर्ति आदर के पात्र होते हैं। सभी पद और दायित्व उत्तरदायित्व भी देते हैं। कर्तव्य पालन से समाज सुदृढ़ होते हैं। राष्ट्रजीवन का अधिष्ठान कर्तव्यवाची है। यहां जूता फेंकने वाले अधिवक्ता के बारे में कहा जा सकता है कि उनकी पढ़ाई और योग्यता के बावजूद कोई कमी है। ऐसी योग्यता के बावजूद उनके द्वारा यह कृत्य किया जाना घोर निंदा का विषय है। ऐसे अपराध की निंदा के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। अनेक सवाल हैं। समाज अपने बिगड़े सदस्य को ठीक करने के लिए निंदा, आलोचना का प्रयोग करता है। राष्ट्र राज्य अपने बिगड़ैल सदस्यों को दण्ड भी देते हैं। दण्ड व्यवस्था का उद्देश्य स्वतंत्र व स्वाभिमानी नागरिक तैयार करना होता है। कानून और समाज अपने साथ राष्ट्र का यश भी बढ़ाते हैं। यशस्वी राष्ट्र का जन गण मन वैभव से भरा रहता है। भारत भी वैभवशाली राष्ट्र है। सारी दुनिया भारत कछ एक शक्तिशाली राष्ट्र मानती है। निंदा और आलोचना में कुछ निश्चित शब्दों द्वारा असहमति प्रकट की जाती है। लेकिन यह घटना बड़ी है। गहन आहत राष्ट्र के मन में निंदा और आलोचना के शब्द जल्दी जल्दी नहीं आते। इस चोट ने शब्दों का अभाव पैदा किया है। मूलभूत प्रश्न है कि इन्हें किन शब्दों में निंदित करें? किन शब्दों से आलोचना करें? आखिरकार भारत के राष्ट्र जीवन में कहां पर खोट है, जिसके कारण भाईचारा, परस्पर सम्मान, संस्थाओं का सम्मान और संवैधानिक संस्थाओं का भी सम्मान नहीं हो रहा है। क्या हमारे पास ऐसी नैतिक शक्ति है कि लोग ऐसे अपराधों के बारे में सोचना बंद कर दें। समाज बहुत कुछ देता है। उसके बदले में कुछ लेता भी है। अपने नागरिकों को नैतिकता और परस्पर आत्मीयता सिखाने की जिम्मेदारी समाज की है। समाज के उत्कृष्ट आदर्श का पालन करते रहना हम सबका कर्तव्य है। भारत का संविधान अनेक अधिकार देता है। संविधान के प्रति आस्था एक बड़ा मुद्दा है। शासन व्यवस्था संविधान से ही पैदा होती है। अपनी बात कहने के लिए हिंसा का रास्ता नहीं अपनाया जा सकता। दबी जुबान कहा सजा सकता है कि समाज में असंतोष है। परस्पर अविश्वास का वातावरण है। लोगों में निराशा है। कई बार व्यक्ति को लगता है कि उसकी सही बात भी कोई नहीं सुनता। उसे लगता है कि उसे अपमानित किया जा रहा है, लेकिन इन सब का अर्थ यह नहीं है कि अधिवक्ता जैसे दायित्वों पर होने के बावजूद कोई हिंसक रास्ता अपनाए। असहमति का आदर देश की प्राचीन परंपरा है। असहमत लोग बड़ी-बड़ी क्रांतियां करते हैं, लेकिन इस मामले में ऐसा कुछ लागू नहीं होता। समाज का सतत विकास हुआ है। एक समय अराजकता थी। लोग एक-दूसरे को हरा देने या खत्म करने के लिए आमादा थे। लोकतंत्र की पहली किरण के बारे में अथर्ववेद के ऋषि बताते हैं कि सबसे पहले परिवार संस्था बनी, फिर लगातार विकास करते हुए निर्णय की शक्ति सभा और और समितियों के हाथ आयी। सभा और समिति के लिए कहा गया है कि वे नरिष्टा हैं और समाज का कष्ट दूर करती हैं। न्यायपालिका की आलोचना स्वतंत्रता के बाद के प्रारंभिक वर्षों में कम थी। अब न्यायपालिका की आलोचना होती है। मैंने स्वयं कई आलेखों में न्यायपालिका की आलोचना की है। आलोचना से सुधार का रास्ता भी निकलता है। असहमति, आलोचना, निंदा और भर्त्सना समाज को शक्ति देते हैं। संप्रति न्यायपालिका का कार्य पूरी निष्ठा के साथ चल रहा है। बीच-बीच में असहमतियां भी आती हैं, लेकिन हर नागरिक को अपनी असहमति संवैधानिक दायरे में ही प्रकट करनी चाहिए। ताजा घटना केवल घटना ही नहीं है, यह घटना हमारे जीवन मूल्यों, संवैधानिक आदर्शों पर गहरी चोट है। विद्वान अधिवक्ता भी विधिक रास्ता छोड़कर असंवैधानिक रास्ते पर चलेंगे, तो देश का क्या होगा?

**राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित इस घटना ने कई दिशाओं में नया सोचने की आवश्यकता प्रकट की है। घटना की गंभीरता का पता इसी बात से चलता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी घटना की निंदा की है। प्रधानमंत्री ने मुख्य न्यायाधीश से व्यक्तिगत बात भी की। देश का बड़ा हिस्सा अवाक है। भारतीय राजव्यवस्था की तीन प्रमुख संस्थाएं हैं। विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका के मध्य शक्ति के पृथक्करण प्रत्यक्ष हैं। भारतीय न्यायपालिका की प्रतिष्ठा विश्वस्तरीय है। न्यायपालिका विधि की व्याख्या करती है। इसका खूबसूरत इतिहास है। खेदजनक है कि इसी गौरवशाली इतिहास में यह एक आत्महीन अध्याय जुड़ गया है। आगे आने वाली पीढ़ियां इस घटना के विवरण पढ़ेंगीं। लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को अपना मत व्यक्त करने का अधिकार है और यह अधिकार संवैधानिक भी है। इस घटना के आरोपी अधिवक्ता राकेश किशोर को ऐसी विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं दी जा सकती। यहां प्रश्न अभिव्यक्ति की आजादी का है भी नहीं। यह सीधे आपराधिक कृत्य है।**

# सख्त निगरानी में सम्पन्न हुई यूपीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षाऽ2025 को सकुशल, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण संपन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा रविवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने नेशनल इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। वहीं पुलिस अधीक्षक ने केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नज़र रखी जाय। उक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए कुल बनाये गये 7 केंद्रों में कुल 2688 पंजीकृत परीक्षार्थियों में प्रथम पाली में 1251 परीक्षार्थी उपस्थित 46.5 प्रतिशत उपस्थित रहे तथा 1437 परीक्षार्थी 53.4 प्रतिशत अनुपस्थित रहे इसी तरह दूसरी पाली में 1243 परीक्षार्थी 46.2 प्रतिशत उपस्थित रहे व 1445 परीक्षार्थी 53.7 प्रतिशत अनुपस्थित रहे।

### डीएम से जिला विकास अधिकारी कार्यालय में तैनात बाबू की शिकायत, जांच कर कार्यवाही के आदेश

उन्नाव। विकास खण्ड सफीपुर की ग्राम पंचायत पीखी निवासी मोहम्मद अली ने जिला अधिकारी उन्नाव को शिकायती पत्र देकर जिला विकास अधिकारी कार्यालय में कई वर्षों से एक ही पद पर एक कार्यालय में कार्यरत बाबू दीपक सिंह के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार शिकायत कर्ता ने यह भी शिकायत में अवगत कराया कि दीपक सिंह फतेहपुर चौरासी ब्लॉक में वरिष्ठ सहायक के पद पर तैनात होते हुए जिला विकास अधिकारी कार्यालय में संबद्ध है। शिकायत कर्ता ने जिला अधिकारी से लगातार एक ही पद पर एक ही कार्यालय में कई वर्षों से लगातार तैनात होने के चलते जिला विकास अधिकारी कार्यालय से अन्यत्र स्थानांतरित करने की माँग की है। वही शिकायती पत्र पर अपर जिला अधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये है।

## मिशन शक्ति फ़ेज-5.0 के तहत कोतवाली सदर पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

- मिशन शक्ति टीम ने बताया कि अभियान का उद्देश्य समाज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता करना है

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति अभियान फ़ेज-5.0 के तहत जनपद में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को थाना कोतवाली सदर की मिशन शक्ति टीम ने ग्राम सैय्यद अब्बासपुर में चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में आयोजित किया गया। टीम के सदस्यों ने चौपाल में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बीसी सखी योजना तथा राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके साथ ही उन्हें राज्य सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों पुलिस आपातकालीन सेवा 112, वीमेन पावर हेल्पलाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 और एंबुलेंस सेवा 108 के उपयोग और महत्व से भी अवगत कराया गया। टीम ने महिलाओं को किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या आपात स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने की सलाह दी तथा आत्मरक्षा और जागरूकता के महत्व के प्रति प्रेरित किया।

## श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर। कृभको नगर स्थित राम मंदिर पर हो रही श्रीमद्भागवत कथा में समुद्र मंथन, रामावतार, कृष्णावतार, नंदोत्सव,बाल लीलाओं और कृष्ण चरित्र के साथ ही गोवर्धन पूजा के बारे में प्रसंगों को बहुत ही भावनात्मक ढंग से भक्तों को सुनाया गया।पुराण परिवाचक प्रवक्ता आचार्य आशीष शुक्ला ने व्यास पीठ से भक्तों को आनंदित करते हुए सुनाया कि जब कंस ने बाबा नन्द को जेल में डाला तो गोकुल और मथुरा वासियों को बहुत चिंता सताने लगी।लेकिन अर्धरात्रि में भगवान कृष्ण के जन्म के बाद बाबा जेल के ताले टूट गए बाबा नन्द की बेड़ियां खुल गई।इसके बाद बाबा नन्द एक टोकरी में भगवान कृष्ण को बैठाकर गोकुल के लिए चल दिए।रास्ते में तेज बारिश से समुद्र में पानी बढ़ गया।नन्द बाबा का चेहरा पानी में डूबने ही बाला था कि भगवान कृष्ण ने अपने पैर की उंगली पानी में लगा दी।इतने में समुद्र का पानी बहुत कम हो गया और बाबा नन्द बड़ी आसानी से समुद्र पार कर गोकुल पहुंचे और माता यशोदा के पास कृष्ण को लिटाकर चुपचाप वापिस मथुरा आ गए।कथा में बहुत ही मार्मिक अंदाज में कथावाचक द्वारा भगवान कृष्ण और भगवान राम के चरित्र के प्रसंगों को सुनाते हुए कहा कि इंद्र ने अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल करते हुए गोकुल के ऊपर तेज बारिश की जिस वजह से पूरे गोकुलवासी परेशान हो गए।तब भगवान कृष्ण ने एक उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया।सभी गोकुल वासी पर्वत के नीचे आ गए और बारिश के कहर से बच गए।इससे पूर्व मुख्य यजमान प्रवीण मिश्रा और पूजाचार्य भुवनेश्वर प्रसाद त्रिवेदी ने अज्ञ हवन पूजन किया।व्यासपीठ और वेदी का विधि विधान से पूजन पाठ सम्पन्न किया।कथा के दौरान कृभको नगर के सैकड़ों भक्त तथा आसपास के गाओ से आए श्रद्धालुओं ने कथा का आनन्द लिया। नंदोत्सव प्रसंग पर पंडाल में मौजूद श्रोताओं ने जमकर नृत्य किया।कथा के आयोजक भुवनेश्वर प्रसाद त्रिवेदी ने बताया कि 14 अक्टूबर को कथा का विश्राम होगा उसके बाद कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा सकुशल सम्पन्न

उन्नाव। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा-2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा0) परीक्षा-2025 रविवार को जनपद के विभिन्न केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुई। जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में लगभग 4800 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न हुई– पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा कराई गई। जिलाधिकारी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने स्वयं परीक्षा की मॉनिटरिंग की। उन्होंने सुबह से ही विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों को पारदर्शिता बनाए रखने तथा किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त न करने के निर्देश दिए।

## दीपावली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

### कई नमूने संग्रहित, खराब मिठाइयाँ नष्ट कराई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- निगोही क्षेत्र के गौंटिया गांव स्थित मिठाई की फैक्ट्री में भारी मात्रा में मिली सड़ी गली मिठाई

शाहजहांपुर। दीपावली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। शनिवार को विभाग की टीम ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई करते हुए कई नमूने संग्रहित किए और खराब सामग्री को नष्ट कराया। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश और सहायक आयुक्त (खाद्य) अधिकारी चंद्रशेखर मिश्र के नेतृत्व में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बागीश मणि त्रिपाठी तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनय कुमार यादव ने गौटिया गांव स्थित छेना निर्माण इकाई पर छापा मारा। टीम ने यहां से छेना का एक नमूना नियमानुसार संग्रहित किया तथा करीब एक कुंतल खराब छेना मिठाई को नष्ट कराया, जिसका अनुमानित मूल्य 12,500 रुपये बताया गया। इसी क्रम में रौजा अड्डा स्थित कृष्णा स्वीट्स हाउस से बर्फी का एक नमूना लिया गया। यहां से करीब पांच किलोग्राम दूषित बर्फी को मौके पर नष्ट कराया गया और प्रतिष्ठान संचालक को सुधार नोटिस जारी किया गया। विभागीय टीम ने जलालाबाद क्षेत्र से पनीर का नमूना लिया, वहीं विशाल मेगा मार्ट (तक्षशिला स्कूल के सामने) से घी, सरसों तेल, बेसन और दाल के नमूने भी जांच हेतु सैंपल एकत्र किए। इससे पहले 10 अक्टूबर 2025 को भी विभाग ने तिलहर, पुवायां, जलालाबाद और अजीजगंज क्षेत्रों में कार्रवाई की थी। तिलहर के पूरायूं गांव से खोया और मिश्रित दूध, ढभौरा से पनीर, तथा करीब 20 किलोग्राम दूषित मिठाई को नष्ट किया गया। पुवायां क्षेत्र से देशी घी, रामताल रोड जलालाबाद से पनीर, अजीजगंज से दूध, और निगोही रोड से पनीर व नमकीन के नमूने लिए गए। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बागीश मणि त्रिपाठी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी वरुण कुमार, सौरभ सोनी, अजीत सिंह, मनोज कुमार, मानवेन्द्र कुमार एवं विनय कुमार यादव शामिल रहे। सहायक आयुक्त (खाद्य) चंद्रशेखर मिश्र ने कहा कि दीपावली के दौरान जनता को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि छापामार कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी और मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम ने यूपी पीसीएस परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। रविवार को जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा ने यूपी पीसीएस 2025 की प्रारंभिक परीक्षा को जनपद में नकल विहीन एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के साथ विभिन्न परीक्षा केदो का निरीक्षण किया गया, स उन्होंने परीक्षा केदो का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा , उन्होंने सर्वप्रथम पंडित जे वएन डिग्री कॉलेज एवं खानकाह इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केदो में आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया स उन्होंने परीक्षा केदो में सीसीटीवी कंट्रोल रूम सहित अन्य पुलिस सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी कंट्रोल रूम से से परीक्षा का पर्यवेक्ष किया तथा मौके पर उपस्थित सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान परीक्षा के केंद्र व्यवस्थापक सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शहीद अनिल कुमार प्रजापति को दी गई श्रद्धांजलि

बांदा। नगर पंचायत मटौध में शहीद अनिल कुमार प्रजापति के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, शहीद के परिजन, अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासभा फोरम के कार्यकर्ता और भूतपूर्व सैनिकों ने शहीद के स्मारक स्थल पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासभा फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल प्रजापति ने शहीद अनिल कुमार प्रजापति के जीवन और उनकी शहादत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शहीद अनिल कुमार प्रजापति ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान किया, जो युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहीद के पिता श्री कमलेश कुमार प्रजापति, अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासभा फोरम के प्रदेश महामंत्री प्रजापति आलोक दक्ष एड, हमीरपुर जिला जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा राजा भैया प्रजापति, भूतपूर्व सैनिक मिश्रीलाल यादव और अन्य गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बैलगाड़ी में मारी टक्कर बैल की मौत

चिल्ला/बांदा। पैलानी तहसील के चिल्ला पुल के ऊपर अज्ञात वाहन ने बैलगाड़ी को टक्कर मार दी जिससे बैल की मौके पर मौत हो गई बैलगाड़ी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया वही अंसार पुत्र मेहंदी हसन उम्र 46 वर्ष शादी मदनपुर निवासी मोरम लेकर बैलगाड़ी पर ललौली जा रहा था तभी कानपुर से बांदा की ओर आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे एक बैल की मौके पर मौत हो गई दूसरा बैल गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं अंसार पुत्र मेहंदी हसन को गंभीर चोटे आई हैं जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है वहीं पुलिस ने मौके में पहुंचकर जानकारी ली और इलाज हेतु अस्पताल लेकर गए।

### बाँदा रोटी बैंक टीम के द्वारा ग्राम मवई में जरूरतमंदों को बांटे कपड़े

बांदा। प्रत्येक रविवार की तरह आज भी बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के सचिव मोहम्मद इदरीश के नेतृत्व में,ग्राम प्रधान ग्राम मवई राजकरन की उपस्थिति में,समाजसेवी ग्राम मवई सत्यम प्रजापति के सहयोग से बाँदा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दिए गए कपड़े, किताबें,जूते चप्पल,पर्स,घड़ी,खिलौने, बर्तन आदि का वितरण ग्राम मवई ब्लॉक बड़ोखर बाँदा के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य,स्वच्छता तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष रिज़वान अली और सदस्य जगदीश श्रीवास के द्वारा जागरूक किया गया।

### दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

बांदा। दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कबरेपुर ग्राउंड ब्लाक महुआ में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बैडमिंटन, रेस ,दौड़ ,कबड्डी, वालीबाल इन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हरीशंकर (ग्राम प्रधान) जी ने किया। खेल प्रतियोगिताओं में खानपुर, पैगंबरपुर, हुसैनपुर कला, बंसी, कबरेपुर, नौहाई ग्रामों की टीमों ने भाग लिया विजेता- बैडमिंटन (गर्ल्स) में अर्चना-प्रथम , दौड़ 400 मीटर में प्रथम- राजाबाबू, द्वितीय- अतुल, दौड़ 100 मीटर बालक में प्रथम- नीलू, द्वितीय-उदयभान, दौड़ 100 मीटर बालिका में प्रथम- रोशनी, कबड्डी बालिका सीनियर विजेता टीम - कलावती, रीना, प्रीति ,सीमा, पूनम, नैना (हुसैनपुर कला )तथा वॉलीबॉल बालक सीनियर विजेता (कबरे पुर टीम) में फूलचंद, देशराज, मंगल, लखन, लोकेंद्र, दीपक, ओमप्रकाश, पुष्पेंद्र रहे। इस कार्यक्रम में खेल प्रशिक्षक की भूमिका रामविलास , ओमप्रकाश, लालारामसिंह, ओ पी सिंह,ने सभी खेलो में निर्णायक की भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में 200 लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राम लखन जी ने किया।

## मिट्टी का टीला ढहने से दो लोग टीले मे दबे, बच्चे की हुई मौत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



पैलानी/बांदा। पैलानी तहसील के खप्टिहा कलां कस्बे की नई बस्ती में आज सुबह 8रू00 बजे घर की लिपाई पुताई को लेकर सुनील कोरी का लड़का मोनू उम्र 12 वर्ष तथा पंगु प्रजापति की बहू ममता उम्र 35 वर्ष सुबह 8रू00 बजे घर से लगभग 200 मीटर दूर पास ही स्थित टीले पर घर की पुताई के लिए मिट्टी लेने गए थे तभी अचानक टीला भर भरा कर ढह गया जिसमें दोनों लोग टीले मैं दब गए पास ही मिट्टी खोदने गई तमाम महिलाओ के चिल्लाने की आवाज पर संजय यादव ने सुना और मौके पर तुरंत पहुंचकर ममता तथा जितेंद्र वर्मा ने मोनू को जो पूरी तरह से मिट्टी में दबा हुआ था निकाल कर बाहर ले और तत्काल ही उसे मेडिकल कॉलेज बांदा ले गए जहां इलाज के दौरान सुनील कोरी के 12 वर्षीय लड़के मोनू की इलाज के दौरान मौत हो गई तथा महिला ममता उम्र 35 वर्ष का इलाज चल रहा है बताया जाता है की घटना के समय मृतक मोनू के सिर तथा सीने व पैर में गंभीर चोटें आई थी और मुंह से खून निकल रहा था मृतक मोनू उम्र 12 वर्ष खप्टिहा कलां इंटर कॉलेज में कक्षा 7 का विद्यार्थी था इस घटना से पड़ोस में कोहराम मच गया है। मृतक के पिता सुनील ने बताया कि कि मेरे तीन लड़के व एक लड़की है मैं अपने परिवार का भरण पोषण मजदूरी करके करता हूं।

## पुलिस मुठभेड़ में हत्या के प्रयास और लूट का आरोपी गिरफ्तार

- एसपी जय प्रकाश सिंह के निर्देश पर ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व क्षेत्राधिकारी हसनगंज के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अजगैन पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता मिली है। थाना अजगैन क्षेत्र में हत्या के प्रयास और लूट की घटना में शामिल हिस्ट्रीशीटर बदमाश राकेश श्रीवास्तव पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल होकर गिरफ्तार किया गया जबकि उसका साथी बुद्धिलाल भी पुलिस हिरासत में आ गया। दिनांक 11 अक्टूबर 2025 की रात ग्राम बत्तूखेड़ा निवासी 70 वर्षीय श्रीमती शान्ती देवी पत्नी स्व. बलवन्त सिंह ने थाना अजगैन में सूचना दी थी कि शाम करीब साढ़े सात बजे हेलमेट पहने एक अज्ञात व्यक्ति उनकी दुकान पर आया और सामान लेने के बहाने उन पर जानलेवा हमला कर गला दबाने का प्रयास किया, तभी किसी के आने की आहट से आरोपी भाग गया और उनके गले में पहनी सोने की चेन छीन ले गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि यह घटना उनके भतीजे लकी पुत्र लालबहादुर के इशारे पर कराई गई है, जो उनकी संपत्ति हड़पना चाहता है। इस तहरीर पर थाना अजगैन में मुकदमा संख्या 469/25 धारा 333/109/309(4)/351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। 12 अक्टूबर की सुबह करीब साढ़े चार बजे पुलिस को सूचना मिली कि घटना को अंजाम देने वाला अभियुक्त लखनापुर रोड स्थित बाबा ढाबा के आगे हिम सिटी के पास नहर की पटरी पर मौजूद है। सूचना पर थाना अजगैन पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम मौके पर पहुंची तो अभियुक्त ने पुलिस पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। घायल बदमाश ने अपना नाम राकेश श्रीवास्तव पुत्र शिवप्रसाद श्रीवास्तव निवासी बेहटाखुर्द, कैथना थाना भदोखर जनपद रायबरेली बताया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि लकी पुत्र लालबहादुर ने अपनी चाची श्रीमती शान्ती देवी की हत्या करने के लिए पांच लाख रुपये की सुपारी दी थी, ताकि संपत्ति पर कब्जा किया जा सके। योजना यह थी कि लूटपाट के विरोध में हत्या दिखाई जाए जिससे लकी पर शक न हो। घटना के समय राकेश ने शान्ती देवी पर हमला कर गला दबाने का प्रयास किया, लेकिन लोगों की आहट सुनकर वह सोने की चेन लेकर भाग गया। राकेश के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक जीवित कारतूस, एक खोखा कारतूस और लूटी गई सोने की चेन का टुकड़ा बरामद किया गया। इसी मामले में उसके साथी बुद्धिलाल पुत्र स्व. पियारे लाल निवासी ग्राम बत्तूखेड़ा थाना अजगैन जनपद उन्नाव को जगदीश मोड़ से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भी छीनी गई चेन का एक हिस्सा बरामद हुआ।

## मिशन शक्ति के तहत चलाया गया सघन जागरुकता अभियान

- शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारियां
- सहायता सेवाओं, साइबर अपराधों आदि के बारे में चलाया गया जागरुकता अभियान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम आज जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया । इस अभियान के अंतर्गत स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सचिवालयों में मिशन शक्ति टीम द्वारा बालिकाओं, महिलाओं एवं बच्चों को एकत्रित कर चौपालों एवं संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इस दौरान महिलाओं/बालिकाओं को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, सहायता सेवाओं, महिला अपराधों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों, हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ।

साथ ही प्रतिभागियों को अभियान से संबंधित टेम्पलेट्स वितरित किए गए, जिनमें विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई । जागरुकता अभियान के क्रम में थाना मरका की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम मरका में, थाना फतेहगंज की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम बघेलाबारी में, थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम चहितारा में, थाना पैलानी की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम पडेरी में, थाना मटौंध की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा मटौंध में, थाना जसपुरा की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा जसपुरा में, थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम कतरावल में, थाना नरैनी की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा नरैनी में, मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत वृहद रुप से जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया ।

### मिशन शक्ति टीम ने ग्राम कतरावल में चौपाल लगाकर दी योजनाओं की जानकारियां

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना, सहायता सेवाओं आदि के बारे में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है साथ ही साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में साइबर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में आज थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम कतरावल में चौपाल लगाकर लोगों को जागरुक किया गया । इस दौरान महिलाओं/बालिकाओं को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, सहायता सेवाओं, महिला अपराधों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों, हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## अवैध रुप से पटाखों की बिक्री करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। सुरक्षित, सौम्य एवं दुर्घटनारहित दीपावली सम्पन्न कराए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अवैध रुप से पटाखा निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में दिनांक 11.10.2025 को देर शाम थाना बदौसा पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नई बाजार बदौसा निवासी रमेश चन्द्र पुत्र सीताराम अपनी हड़हा रोड स्थित सेजल ब्यूटी पार्लर की दुकान में अवैध रुप से पटाखो की बिक्री कर रहा है । सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल दुकान में पर जाकर छापेमारी की गई तो मौके से भारी मात्रा में अवैध रुप से पटाखे बरामद हुए । पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए पटाखो को कब्जे में लेकर थाना बदौसा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रमेश चन्द्र पुत्र सीताराम निवासी नई बाजार थाना व कस्बा बदौसा जनपद बांदा है।

# सशक्त नारी, सशक्त समाज, अभियान के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का भव्य आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





गोला गोकर्णनाथ खीरी। साथिया फाउंडेशन द्वारा उत्तर प्रदेश कोएलिशन टू एम्पावर गर्ल्स (ठघ्एक्क) के सहयोग से ॣसशक्त नारी, सशक्त समाजङ्क अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का भव्य आयोजन सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मधू त्रिपाठी ने की मुख्य अतिथि श्रीमती सुजीता कुमारी (सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग) रहीं। उन्होंने कहा कि ॣबालिकाएं समाज की वास्तविक शक्ति हैं, उन्हें समान अवसर और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित करना हर परिवार का दायित्व है। साथिया फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रीति वर्मा (पूर्व सदस्य, उ.प्र. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग) ने बताया कि संस्था बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती गरिमा अखिलेश वर्मा, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ (सर्जन हॉस्पिटल) ने हेल्थ कैंप लगाकर छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण किए और उनके भविष्य के सपनों पर संवाद किया। अन्य विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती मंजुलता (अध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा लखीमपुर), अपूर्वा शर्मा (सब-इंस्पेक्टर, प्रभारी मिशन शक्ति), श्रीमती मोना भसीन (व्यवसायी), डॉ. सौरभ वर्मा (डेंटल सर्जन), श्रीमती खदीजा जमाल (वरिष्ठ अधिवक्ता) और आरती भदौरिया (भाजपा जिला मंत्री) ने बालिकाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन पूजा पांडे ने किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं, मल्लिका गुप्ता (ठघ्ट्ठए असिस्टेंट डायरेक्टर), अनुष्का वर्मा (एड परीक्षा उत्तीर्ण), प्रज्ञा वर्मा, तान्या पटेल और अनुष्का वर्मा (गक्क्ठ सफल) को सम्मानित किया गया। बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, भाषण प्रतियोगिता और सरकारी योजनाओं पर आधारित सत्रों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। साथिया फाउंडेशन की ओर से कीर्ति शुक्ला, रचना तिवारी, दुर्गा भारद्वाज, शुचि पटेल, धनदेवी वर्मा, अवंतिका और समीरा आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

## खेलकूद से हेल्दी बॉडी और हेल्दी मन का होता है विकास : डॉ. कौशल वर्मा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत के तत्वावधान में सर्वोदय यूथ क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन नगर के कृषक समाज इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला युवा अधिकारी संकल्प शुक्ला के निर्देशन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में सनशाइन हॉस्पिटल गोला के संचालक डॉ. कौशल वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नेशनल चैंपियन अटवाल, शिक्षक लखपत भारती, एडवोकेट आनंद अर्कवंशी तथा डॉ. अनिल कुमार उपस्थित रहे। डॉ. कौशल वर्मा ने कहा कि छात्रों के समग्र विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद भी अनिवार्य है। खेल व्यक्ति को आत्मविश्वासी, अनुशासित और लक्ष्य के प्रति समर्पित बनाते हैं। उन्होंने कहा, ॣहेल्दी मन के लिए हेल्दी बॉडी आवश्यक है, जो केवल खेलकूद से ही संभव है। प्रतियोगिता में 400 मीटर बालक वर्ग में अयान प्रथम, अभिषेक द्वितीय, रामानुज तृतीय रहे।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं एसपी संकल्प शर्मा ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने रविवार को संयुक्त रूप से पीसीएस, एसीएफ, आरएफओ प्रारंभिक परीक्षा-2025 के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सुरक्षा, निगरानी एवं शुचितापूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम एवं एसपी ने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गोण्डा की सीएमओ रश्मि वर्मा पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, सांसद-विधायक बेबस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- पंकज पाण्डेय ने उजागर किया घोटाला,शासन चुप, स्वास्थ्य विभाग की बदहाली चरम पर

गोण्डा। जिले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा एक बार फिर विवादों के घेरे में हैं। उन पर भ्रष्टाचार, संवेदनहीनता और सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगे हैं। प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता पंडित पंकज कुमार पाण्डेय ने साक्ष्यों के साथ करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार और सरकारी फंडों की बंदरबांट का खुलासा किया है।

लेकिन शासन में उनकी कथित 'मजबूत पकड़' के चलते कोई कार्रवाई नहीं हो रही। सत्ताधारी दल के सांसद और विधायक भी उनकी शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद बेबस नजर आ रहे हैं, क्योंकि शासन स्तर पर इन शिकायतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। यह मामला गोण्डा ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग की बदहाली को उजागर करता है। पाण्डेय ने दस्तावेजों और वीडियो के जरिए आरोप लगाया कि सीएमओ के कार्यकाल में दवाओं की खरीद में कमीशनबाजी, अवैध नर्सिंग होम्स को संरक्षण और भर्ती में रिश्वतखोरी का खेल चल रहा है।

सितंबर 2025 में एक अवैध नर्सिंग होम में दो नवजातों की मौत के बाद वर्मा का एक वायरल वीडियो ने तूल पकड़ा, जिसमें वे कथित तौर पर संवेदनहीन बयान देती दिखीं। इसने जनता का गुस्सा भड़का दिया। समाजवादी पार्टी और पत्रकारों ने उनकी बर्खास्तगी की मांग की, लेकिन वर्मा ने इसे 'एडिटेड वीडियो' करार दिया। उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग पहले से ही बदहाली का शिकार है।

ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की कमी, दवाओं का अभाव और अवैध क्लीनिकों का जाल आम है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के फंडों का दुरुपयोग भी कोई नई बात नहीं।

गोण्डा में सीएमओ की कथित मनमानी इसकी बानगी है। सवाल उठता है कि जब सांसद-विधायक लाचार हैं, तो आम जनता की सुनवाई कौन करेगा? पाण्डेय जैसे कार्यकर्ता सिस्टम से लड़ रहे हैं, लेकिन बिना उच्चस्तरीय जांच, जैसे सीबीआई या ईडी, के सुधार मुश्किल है। जनता का स्वास्थ्य भ्रष्टाचार का शिकार नहीं होना चाहिए। सरकार को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

## सागौन के पेड़ों की बिक्री के लाखों रुपये के गबन मामले में मुकदमा दर्ज

गोंडा। जिले के मनकापुर क्षेत्र में सागौन के 146 पेड़ों की बिक्री से जुड़े 31 लाख रुपये के गबन का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मनकापुर कोतवाली में दो लकड़ी ठेकेदारों, सुनील कुमार शुक्ला और हनुमान सिंह, के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन का मुकदमा दर्ज किया गया है। सुनील कुमार शुक्ला, जो पूर्व ब्लॉक प्रमुख छपिया के पुत्र हैं और रानीपुर के निवासी हैं, तथा हनुमान सिंह, जो मसकनवा व भिटौरा के रहने वाले बताये जा रहे हैं और जय मां शेरावाली टिम्बर के नाम से लकड़ी का व्यापार करते हैं,पर गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि दोनों ठेकेदारों ने पचपुती जगतापुर में 146 सागौन के पेड़ों का ठेका 82 लाख रुपये में लिया था। इस राशि में से उन्होंने केवल 51 लाख 25 हजार रुपये का भुगतान किया, जबकि शेष 31 लाख रुपये के लिए दी गई चेक बाउंस हो गईं। पीड़ित पक्ष की शिकायत के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया।

# गोंडा में चौकी इंचार्ज की गुंडागर्दी: वायरल वीडियो से पुलिस विभाग पर सवाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





गोंडा। जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित पांडेय बाजार चौकी से जुड़ा एक शर्मनाक मामला सामने आया है, जहां चौकी इंचार्ज सुरेश यादव पर आम जनता के साथ गुंडागर्दी करने का गंभीर आरोप लगा है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे वीडियो में चौकी इंचार्ज को बीच सड़क पर वर्दी का रौब दिखाते हुए दुकानदारों के सामान पर लात मारते और गाली-गलौज करते नजर आ रहे हैं। यह घटना पुलिस विभाग की छवि को धूमिल करने वाली है,जिससे जिले में 'मित्र पुलिस' की अवधारणा पर सवाल खड़े हो गए हैं। वीडियो में सुरेश यादव एक दुकानदार से बहस के दौरान उग्र हो जाते हैं और वे बीच सड़क पर खड़ी दुकान के सामान को लातें मारते हैं,जिससे फल-सब्जियां इधर-उधर बिखर जाती हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,मामला एक छोटी-सी ट्रैफिक जाम को लेकर शुरू हुआ,लेकिन चौकी इंचार्ज ने इसे व्यक्तिगत दुश्मनी में बदल दिया। ''तुम्हें कानून सिखाना है क्या?'' चिल्लाते हुए वे दुकानदार को धमकाते दिखे, जबकि खुद कानून की धज्जियां उड़ा रहे थे। वीडियो में दर्ज संवादों से साफ झलकता है कि यादव जनता के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं, जो एक जिम्मेदार अधिकारी के लिए अकल्पनीय है। स्थानीय दुकानदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सुरेश यादव अक्सर ऐसी गुंडागर्दी करते हैं। ''हमारी दुकानें सड़क पर लगती हैं, थोड़ी जगह ले ली तो क्या? वे वर्दी देखकर डराते हैं, लेकिन आज वीडियो वायरल होने से सब उजागर हो गया,'' एक दुकानदार ने कहा। सोशल मीडिया पर #GondaPoliceMisuse और #SureshYadavGundagai जैसे हैशटैग ट्रेंड कर रहे हैं। हजारों यूजर्स ने वीडियो शेयर कर पुलिस उच्चाधिकारियों को टैग किया है, मांग की है कि तत्काल कार्रवाई हो। जिले के एसएसपी विनीत जायसवाल ने मामले को संज्ञान में लेने की बात कही है,लेकिन अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है और ना ही कार्रवाई हुई। जिम्मेदार अफसर लीपापोती में जुटे नजर आ रहे हैं, जो सिस्टम पर गंभीर सवाल उठाता है। विपक्षी दलों ने इसे योगी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर प्रहार बताया। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता ने ट्वीट कर कहा, ''मित्र पुलिस बनाम गुंडा पुलिस? गोंडा में जनता का उत्पीड़न बंद हो। ''यह घटना गोंडा जिले में पुलिस की निरंकुश कार्यशैली को उजागर करती है। पहले भी जिले में पुलिसकर्मियों के खिलाफ ऐसी शिकायतें आई हैं, जैसे करनैलगंज चौकी इंचार्ज पर अभद्रता के आरोप। विशेषज्ञों का मानना है कि वर्दी का दुरुपयोग न केवल जनता का विश्वास तोड़ता है, बल्कि अपराधियों को हौसला देता है।

अब सवाल यह है कि क्या इस वायरल वीडियो के बाद सुरेश यादव पर विभागीय जांच होगी या मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा? जनता की मांग है कि एसपी तुरंत निष्पक्ष जांच कराएं और दोषी को सजा दें। अन्यथा, 'मित्र पुलिस' का नारा खोखला साबित होगा।

# ऐतिहासिक रामलीला में सीता स्वयंवर परशुराम लक्ष्मण संवाद का हुआ मंचन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। तहसील गोला क्षेत्र के कस्बा अजान में चल रही ऐतिहासिक रामलीला के पांचवें दिन रविवार को दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक नाटक पार्टी के कलाकारों ने ताड़का बध, अहिल्या उद्धार, सीता स्वयंवर व राम विवाह और परशुराम लक्ष्मण संवाद की लीला का मंचन किया गया। नाटक पार्टी के कलाकारों के द्वारा दिखाया गया कि भगवान राम स्वयंवर में जैसे ही प्रवेश करते हैं सब उनके मनमोहक रूप को देखकर मोहित हो उठते हैं। स्वयंवर में महाराजा जनक घोषणा करते हुए कहते हैं कि जो भी राजा धनुष का खंडन करेगा उस राजा से अपनी पुत्री सीता का विवाह करेंगे। राजा जनक की घोषणा को सुनकर संसार के विभिन्न राज्यों से आए राजाओं ने एक-एक करके धनुष को खंडन करने का प्रयास किया लेकिन सभी राजा विफल रहे। धनुष का खंडन तो दूर कोई भी राजा धनुष को हिला तक नहीं पाए। यह सब देखकर महाराजा जनक भरी सभा में एलान करते हैं कि विश्व में कोई भी वीर नहीं बचा जो इस धनुष का खंडन करेगा। उनकी बात को सुनकर भगवान राम के साथ मौजूद उनके भाई लक्ष्मण क्रोधित होते हैं। लक्ष्मण को क्रोधित होता देख भगवान राम ने उनको शांत किया। यह सब देखकर मुनि विश्वामित्र ने भगवान श्रीराम को आदेश दिया कि वह धनुष का खंडन करें। भगवान श्री राम गुरु का आदेश का पालन करते हुए धनुष को तिनके के समान उठा कर उसका खंडन कर देते हैं। भगवान श्री राम के द्वारा धनुष का खंडन करते ही देवताओं के द्वारा पुष्प वर्षा के साथ अभिनंदन किया जाता है। धनुष तोड़ने के बाद सीता ने भगवान राम के गले में जयमाला डाल दी। सभी देवी देवताओं ने पुष्प वर्षा कर दोनों को आशीर्वाद दिया।

धनुष टूटने की सूचना पाकर पहुंचे परशुराम जी से लक्ष्मण जी का संवाद हुआ। लक्ष्मण उन्हें चिढ़ाते हैं जिससे परशुराम क्रोधित हो उठते हैं तब श्री राम उनसे प्रार्थना कर क्षमा मांगते हैं। राम लीला कलाकारों का अभिनय देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान विपिन यादव, मोकिम अली, शाजिद अली, आजाद बोक्सा नीलू, सुनील राजवंशी, इमाम अली, शमसुद्दीन, गोवर्धन लाल सावरेन लाल रामकिशोर राजेश कुमार सतीश चंद्र परशुराम राम भरोसे श्याम किशोर रमेश कश्यप इंद्रपाल वर्मा अमन मीनू वर्मा सहित तमाम दर्शक उपस्थित रहे। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि दर्शकों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

## मां भगवती के जागरण में पहुँचीं पूर्व पालिका अध्यक्षा मीनाक्षी अग्रवाल, की लोक मंगल की कामना

गोला गोकर्णनाथ खीरी। भूतनाथ रोड पर आयोजित मां भगवती के दसवें विशाल जागरण कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्षा मीनाक्षी अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचीं। उन्होंने मां भगवती की पूजा-अर्चना एवं आरती कर नगरवासियों के सुख, समृद्धि, वैभव और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर मीनाक्षी अग्रवाल ने भजन के माध्यम से मां भगवती के चरणों में प्रार्थना की, जिसे सुनकर उपस्थित भक्तगण मंत्रमुग्ध हो उठे। जागरण आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस पुनीत अवसर पर प्रवीण कश्यप, महंत सावन भारद्वाज, रितेश गुप्ता, लालू गुप्ता, सोनू गुप्ता, हरिओम मिश्रा, वीर गुप्ता, राजेश गुप्ता, अनुपम मिश्रा, प्रशांत गुप्ता, किशन गुप्ता, उत्कर्ष वाजपेयी, सुमित पांडे, अरुण कुमार सिंह सहित बड़ी सं्ख्या में मातृ शक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नये योगाभ्यास केंद्र का शुभारंभ, शुरू हुआ मधुमेह निवारण शिविर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। भारतीय योग संस्थान, लखीमपुर द्वारा श्री वीर बाबा मंदिर (निकट गौशाला, सैधरी) में आज प्रातः 6 बजे से 5 दिवसीय मधुमेह रोग निवारण शिविर एवं नियमित निशुल्क योग साधना केंद्र का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती पूजन एवं संस्थान संस्थापक श्रद्धेय प्रकाश लाल के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश कुमार वर्मा (जिला प्रधान) ने की, जबकि प्रांतीय प्रधान नरेश चंद्र वर्मा और संरक्षक सेवक सिंह आजमानी की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। योग चिकित्सक शिवराम वर्मा ने मधुमेह से बचाव हेतु योगासन एवं दिनचर्या पर व्यावहारिक सत्र कराया। नरेश चंद्र वर्मा ने भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया, वहीं सेवक सिंह आजमानी ने योग और कसरत में अंतर स्पष्ट करते हुए संदेश दिया ''हमारी बुढ़ापे की जंग, योग के संग, जिलाध्यक्ष ने ध्यान कराते हुए कहा कि भारत में हर सातवां व्यक्ति मधुमेह से ग्रसित है, इसलिए योग ही निरोग जीवन का अमृत है। शिविर के समापन (16 अक्टूबर) पर चंद्र रानी हॉस्पिटल की ओर से मधुमेह, ब्लड प्रेशर एवं पल्स जांच निशुल्क की जाएगी।

कार्यक्रम में शशिकांत श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, अजय तिवारी, रामबाबू मिश्रा, सुरेश कनौजिया, नीरा त्रिपाठी सहित अनेक साधक-साधिकाओं की सक्रिय उपस्थिति रही। अंत में अरविंद कुमार वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ।

# श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज पहाड़पुर ने सब जूनियर बालिका वर्ग में जीती चैंपियनशिप ट्रॉफी



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कुकरा, खीरी। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में गोला ने ऑल ओवर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया, जिसमें श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज, पहाड़पुर के खिलाड़ियों का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं और छात्रों ने विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक जीते। सब जूनियर बालिका वर्ग में अमृत कौर ने 100 मी. व 200 मी. दौड़ में प्रथम, ऊँची कूद में द्वितीय व 4100 मी. रिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्लोक राज ने ऊँची कूद में प्रथम, चक्का फेंक व गोला फेंक में द्वितीय स्थान पाया। वैष्णवी ने चक्का फेंक व भाला फेंक में प्रथम स्थान अर्जित किया। सीनियर बालिका वर्ग में हरजोत कौर ने चक्का फेंक में प्रथम व गोला फेंक में द्वितीय, जबकि सीनियर बालक वर्ग में गोविंद राय ने भाला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग में गुरप्रीत कौर ने 100 मी. में द्वितीय व 400 मी. में तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं दिव्यांशी ने 600 मी. दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल किया। पवनदीप कौर व गुरप्रीत कौर की जोड़ी ने 4100 मी. रिले दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य कुलवंत सिंह चीमा ने बच्चों को चैंपियन ट्रॉफी व शील्ड प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने घोषणा की कि मंडल स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों की स्कूल फीस माफ की जाएगी और खेल उपकरणों की पूरी व्यवस्था विद्यालय द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर इंग्लिश मीडियम इंचार्ज करतार सिंह चीमा, पीटीआई चन्द्र प्रकाश राठौर, व शिक्षक इमरान खान, राम नरेश मिश्र, श्रवण बाजपेई, अनिल सिंह, सुशील कुमार, ज्योति गुप्ता, संजीव मिश्रा, अमित कुमार, इंद्रेश वर्मा, मोहम्मद मजहर व सत्येन्द्र गिरी आदि मौजूद रहे।

## काम करने गए अधेड़ की सर्पदंश से मौत



लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत महेवागंज चौकी क्षेत्र के महेवा गांव निवासी अधेड़ व्यक्ति की सर्पदंश से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक राजकुमार काम करने के लिए देवकली गया था, जहां उसे जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ओयल लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही राजकुमार की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# कायस्थ वाहिनी के स्वास्थ्य शिविर में 150 से ज्यादा मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

- युवाओं को भी चपेट में ले सकता है हृदय रोग, नियमित करायें जांच : डा. पंकज
- कायस्थ वाहिनी के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 160 मरीज हुये लाभान्वित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





बस्ती। कायस्थ वाहिनी अन्तर्राष्ट्रीय एवं हिन्द हार्ट इन्स्टीट्यूट ऑ मेडिकल साइंसेज लखनऊ की ओर से ब्लाक रोड स्थित नीलकंठ अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इसमे 160 से ज्यादा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे परामर्श व जरूरतमंदों को दवाइयां भी दी गईं। वाहिनी प्रमुख पंकज भइया ने कहा वाहिनी समाज सेवा के उच्च मानदंडों पर कार्य कर रही है। भगवान श्री चित्रगुप्त को सर्वसमाज में स्थापित करवाने की दिशा में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। फ्री मेडिकल कैंप भी उसका हिस्सा है। उन्होने कहा अब समय आ गया कि राजनीति के साथ साथ हर क्षेत्र में आगे बड़े ।हम प्रयास कर रहे है कि हमारे आयोजन से समाज का भला हो सके । प्रख्यात सर्जन डा. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कहा की हार्ट की बीमारी के लिये अब उम्र की कोई सीमा नही रही। यह हर उम्र के लोगों को चपेट में ले रही है। हमे अपने स्वास्थ्य खासतौर से हार्ट की नियमित जांच करानी चाहिये जिससे बीमारी बड़ी होने के पहले उससे बचाव किया जा सके। उन्होने लोगों से खानपान पर विशेष ध्यान देने और नियमित योगा करने की सलाह दिया। मेडिकल कैंप के संयोजक डा. आरसी श्रीवासतव ने कहा मेडिकल कैंप की सफलता से हम सभी उत्साहित हैं। आगामी दिनों में अस्पताल चिकित्सकों व सामाजिक संगठनों के सहयोग से ऐसे शिविर का आयोजन करता रहेगा। डा. वीएस श्रीवास्तव सर्जन, डा. राहुल वर्मा फिजीशियन, डा. स्नेहा चोरसिया ने योगदान दिया। शिविर का उद्घाटन नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा व सदर विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र दूबे ने किया। मनमोहन श्रीवास्तव काजू, सर्वेश श्रीवास्तव, पंकज सिन्हा, सुबाष श्रीवासतव, कमलेश श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, रनधीर सिंह, रणधीर सिंह, अजय चन्द्रा, रत्नेश श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव, सुमित श्रीवास्तव, श्रीयांश श्रीवासतव, अखिलेश श्रीवास्तव आदि कर उपस्थिति रही।

# जॉन कैंपबेल और शाई होप ने वेस्टइंडीज की पारी को संभाला

एजेंसी

नयी दिल्ली। जॉन कैंपबेल (नाबाद 87) और कप्तान शाई होप (नाबाद 66) अर्धशतकीय पारियों की मदद से वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को स्टंप के समय दो विकेट पर 173 रन बना लिये है। हालांकि वह अभी भी भारत के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 97 रन पीछे है। इससे पहले कुलदीप यादव (पांच विकेट) रवींद्र जडेजा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने वेस्टइंडीज को 248 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर 270 रनों की बढ़त के साथ उसे फॉलोऑन दिया हैं। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को 17 के स्कोर पर मोहम्मद सिराज ने तेजनारायण चंद्रपॉल (10) को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर वॉशिंगटन सुंदर ने ऐलेक ऐथनेज (सात) को बोल्ड कर भारत की झोली में दूसरा विकेट डाल दिया। चायकाल तक वेस्टइंडीज ने दो विकेट के नुकसान पर 35 रन बना लिये थे। चायकाल के बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान शाई होप ने जॉन कैंपबेल के साथ पारी को संभाला तथा तेजी के साथ रन भी बटोरे। दिन का खेल समाप्त होने के समय अपने-अपने अर्धशतक पूरे कर बड़े स्कोर की नींव रख दी। वेस्टइंडीज ने 49 ओवर में दो विकेट पर 173 रन बना लिये है। जॉन कैंपबेल (नाबाद87) और शाई होप (नाबाद 66) क्रीज पर मौजूद थे।



भारत की ओर दूसरी पारी में मोहम्मद सिराज और वॉशिंगटन सुदंर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने कल के चार विकेट पर 140 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप (36) का विकेट मात्र 16 रन जोड़कर गंवा दिया। उन्हें कुलदीप यादव ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद टेविन इमलाक (21) और जस्टिन ग्रीव्स (17) को भी कुलदीप ने अपना शिकार बनाया। जोमेल वारिकन (एक) को मोहम्मद सिराज ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद खारी पिएर और एंडरसन फिलीप ने पारी को संभाला। वेस्टइंडीज ने लंच तक आठ विकेट पर 217 रन बना लिये थे और दोनों बल्लेबाजों के बीच लंच तक नौवें विकेट के लिए 42 रनों की साझेदारी हुई थी।

## कुलदीप अब शीर्ष बाएं हाथ के कलाई के स्पिनरों के क्लब में शामिल

नई दिल्ली। कुलदीप यादव जब मैदान पर उतरते हैं, तो बल्लेबाजों के लिए मुसीबतें दूर नहीं होतीं। आज, भारत के बाएं हाथ के कलाई के जादूगर ने दिल्ली टेस्ट के तीसरे दिन अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज को स्तब्ध करते हुए, एक शानदार प्रदर्शन किया। सिर्फ़ 15 टेस्ट मैचों में, कुलदीप पांच बार पांच विकेट ले चुके हैं, जो दिग्गज जॉनी वार्डल के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेते हैं, हालाँकि वार्डल ने यह कारनामा 28 मैचों में किया था। अब उनके साथ खेलने वाले खिलाड़ी शीर्ष पर हैं, और कुलदीप इसे सम्मान की तरह मानते हैं। निर्णायक क्षण शानदार अंदाज में आया जब जेडन सील्स एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। कुलदीप की चतुराई से छिपाई गई गुगली, बल्ले के पास से फिसली, पैड से टकराई और स्टंप्स को चकनाचूर कर गई। सील्स ने रिव्यू लिया, लेकिन रीप्ले से कोई शक नहीं रहा कि वह आउट हो गए। सटीक। निर्दयी। विशुद्ध कलाकारी।

# जडेजा को अब भी 2027 वनडे विश्व कप खेलने की उम्मीद

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के शीर्ष ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए टीम में जगह न मिलने के बावजूद 50 ओवरों का विश्व कप जीतने के अपने सपने को नहीं छोड़ा है। दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन के खेल के समापन पर बोलते हुए, जडेजा ने यह भी पुष्टि की कि चयनकर्ता और नए कप्तान शुभमन गिल ने टीम की घोषणा से पहले ही उन्हें टीम में शामिल न करने के बारे में सूचित कर दिया था। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया में एक श्रृंखला के लिए दो बाएं हाथ के स्पिनरों को शामिल नहीं कर सकते और जडेजा ने इसे स्वीकार किया। जडेजा ने अपने वनडे भविष्य पर कहा, ''देखिए, यह मेरे हाथ में नहीं है। मैं खेलना चाहता हूँ, लेकिन



आखिरकार, टीम प्रबंधन, चयनकर्ता, कोच, कप्तान सोच रहे होंगे कि मैं इस सीरीज में क्यों नहीं हूँ। इसके पीछे कोई न कोई वजह जरूर होगी। और उन्होंने मुझसे बात की। ऐसा नहीं है कि जब टीम की घोषणा हुई तो उन्होंने मुझे चौंका दिया कि मैं उसमें नहीं हूँ। यह अच्छी बात है कि कप्तान, चयनकर्ता, कोच ने मुझसे बात की और इसके पीछे कोई न कोई वजह जरूर है।'' पिछले विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी पड़ाव पर पिछड़ने वाली टीम का हिस्सा रहे जडेजा, जो 2027 में होने वाले टूर्नामेंट के दौरान लगभग 39 साल के हो जाएंगे, को उम्मीद है कि आखिरकार उन्हें ट्रॉफी मिल ही जाएगी। उन्होंने कहा, ''जब भी मुझे मौका मिलेगा, मैं वही करने की कोशिश करूंगा जो मैं इतने सालों से करता आ रहा हूँ।और विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में, अगर मुझे मौका मिलता है, तो उससे पहले कई वनडे मैच खेलने हैं। अगर मैं अच्छा प्रदर्शन करता हूँ और मुझे मौका मिलता है, तो यह भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा होगा। 50 ओवरों का विश्व कप जीतना हर किसी का सपना होता है। पिछली बार हम चूक गए थे। शायद इस बार हम ऐसा कर पाएं। पहले टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए जडेजा ने मौजूदा टेस्ट में भी एक बार फिर अपनी छाप छोड़ी है। बल्लेबाजी का मौका न मिलने के बावजूद, जडेजा ने दूसरे दिन स्टंप्स से पहले ही तीन विकेट चटकाकर विपक्षी टीम को परेशान कर दिया है।

## दक्षिण अफ्रीका महिला विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की लय जारी रखने की कोशिश करेगा

एजेंसी

विशाखापत्तनम। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार दो जीत से महिला वनडे विश्व कप में अपने अभियान को शानदार अंदाज में पटरी पर लाने के बाद सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगी। अपने पहले मैच में इंग्लैंड से 10 विकेट की करारी हार झेलने के बाद दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने न्यूजीलैंड और मेजबान भारत पर दमदार जीत दर्ज कर शानदार वापसी की है। इन दो जीतों से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। टीम अंक तालिका में चौथे (-0.888 के नेट रन रेट के साथ) स्थान पर है। कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट, मारिजन काप, ताजमिन ब्रिट्स, सुने लुस और अयाबोंगा खाका जैसी खिलाड़ियों से सजी दक्षिण अफ्रीका की टीम कागजों पर काफी मजबूत नजर आती है। इंग्लैंड के खिलाफ 69 रनों पर ऑल आउट होने के बाद, उनका शीर्ष क्रम शानदार फॉर्म में है। ब्रिट्स और लुस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, वहीं वोल्वार्ड्ट ने भारत के खिलाफ अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। निचले क्रम में नादिन डी क्लार्क और खाका ने अहम योगदान के साथ भारत के खिलाफ मैच का पासा पलटते हुए दक्षिण अफ्रीका को यादगार जीत दिलाई थी। दक्षिण अफ्रीका इस मुकाबले में परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ होने के कारण उतरेगा, क्योंकि वह इस मैदान पर पहले ही दो मैच खेल चुका है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान पर मनोबल बढ़ाने वाली सात विकेट से जीत के साथ टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत लेकिन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार हार ने उनकी कमजोरियों को उजागर किया है। बीस साल की प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज मारुफा अख्तर की अगुवाई में गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन टीम को शीर्ष क्रम में लचर बल्लेबाजी से परेशानी का सामना करना पड़ा है।

# अफगानिस्तान ने बंगलादेश को 81 रनों से हराया

एजेंसी



अबू धाबी। इब्राहिम जदरान (95) की बेहतरीन पारी के बाद कप्तान राशिद खान (पांच विकेट) और अजमतउल्लाह ओमरजई (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने बंगलादेश को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में 81 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ अफगानिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।

190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश को ओमरजई और राशिद खान के कहर का सामना करना पड़ा। अफगानिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगलादेश की पारी टीम 28.3 ओवरों में 109 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। अफगानिस्तान ने 81 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। मो. तौहीद हृदोय ने बंगलादेश के लिए सर्वाधिक 24 रन बनाये। इसके आलवा सैफ हसन (22), जाकेर अली (18) और नरुल हसन (15) दहाई आंकड़े वाले बल्लेबाज रहे। अफगानिस्तान के इब्राहिम जदरान को उनकी 95 रनों की शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने पांच विकेट लिये। अजमतउल्लाह ओमरजई को तीन विकेट मिले। नांगेलिया खरोटे ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अफगानिस्तान ने शनिवार रात खेले गये मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान को बंगलादेश के गेंदबाजों ने 44.5 ओवरों में 190 के स्कोर पर समेट दिया। इब्राहिम जदरान ने अफगानिस्तान के लिए 95 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। उन्होंने अपनी इस धैर्यपूर्ण पारी 140 गेंदों का सामना किया तथा तीन चौके और एक छक्का भी लगाया। मोहम्मद नबी (22), ए एम गजनफर (22), नांगेलिया खरोटे (13) और रहमानउल्लाह गुरबाज (11) दहाई आंकड़े वाले बल्लेबाजों में शामिल रहे। बंगलादेश के लिए मेंहदी हसन मिराज ने तीन विकेट लिये। तंजीम हसन साकिब और रिशाद हुसैन को दो-दो विकेट मिले। तनवीर इस्लाम ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# विनट्रैक इंक प्रकरण में चेन्नई कस्टम के अधिकारियों की जांच शुरू,कस्टम दलाल निलंबित

एजेंसी

नयी दिल्ली। चेन्नई की फर्म विनट्रैक के प्रकण में राजस्व विभाग द्वारा की गयी प्रारंभिक तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई शुरू करते हुए विजलेंस जांच शुरू कर चेन्नई में सीमाशुल्क विभाग के कई अधिकारियों को दूसरी जगह भेज दिया गया है और एक दलाल का सीमा शुल्क लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि इस मामले की आगे की सतर्कता विभाग द्वारा जांच विधिवत शुरू करा दी गयी है। इसकी रिपोर्ट 4-6 सप्ताह में आने की उम्मीद है, उसके बाद आगे की कार्रवाई की जा सकती है। आयात निर्यात करने वाली चेन्नई की कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गांधी जयंती के एक दिन पहले एक बयान में सीमा शुल्क विभाग की चेन्नई टीम पर भ्रष्टाचार और दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप लगाते हुए कारोबार बंद करने की धमकी दी थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने राजस्व विभाग से तथ्यों का पता लगाने को कहा था। सही जांच में प्रथम दृष्टया कई गड़बड़िया सामने आयी हैं। सीबीआईसी ने कहा है, 'मेसर्स विनट्रैक इंक द्वारा चेन्नई सीमा शुल्क में अनियमितताओं के आरोपों पर राजस्व विभाग की जाँच रिपोर्ट में आयातक के अपने एजेंटों द्वारा धोखाधड़ी और निजी धोखाधड़ी की संभावना का संकेत दिया गया है।' एजेंसी ने कहा कि उसने राजस्व विभाग की रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर गहन जाँच शुरू कर दी है। इसकी रिपोर्ट 4-6 सप्ताह में मिल सकती है। जाँच को विश्वसनीय और निष्पक्ष बनाने के लिए सीबीआईसी ने राजस्व विभाग की रिपोर्ट के निष्कर्षों के मद्देजनर कुछ अधिकारियों को उनकी उनकी वर्तमान जिम्मेदारियों से मुक्त कर बाहर तैनात कर दिया है। विभाग ने कहा है, '' इस रिपोर्ट में आयातक के अपने एजेंटों और बिचौलियों की धोखाधड़ी और निजी धोखाधड़ी की संभावना का भी संकेत मिलता है।'' सीबीआईसी ने रिपोर्ट में नामित सीमा शुल्क ब्रोकिंग एजेंट (सीमाशुल्क दलाल) का लाइसेंस सतर्कता जाँच की रिपोर्ट के नतीजे निकलने तक निलंबित कर दिया गया है तथा कुछ अनधिकृत बिचौलियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज की गई है। सीबीआईसी ने कहा है कि सीमा शुल्क के खर्चे पर तैनात अधिकारों की परिचालन व्यवस्था में सुधारा के उपाय करने के लिए बोर्ड के सदस्य (सीमा शुल्क) के अधीन एक कार्यबल का गठन किया जा रहा है। यह कार्यबल छोटी मझोली इकाइयों और छोटे पैमाने के आयातकों पर विशेष ध्यान देते हुए, नियमों के सुसंगत, पारदर्शी और कानूनी रूप से सही अनुप्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए सभी लंबित मामलों की व्यापक समीक्षा करेगा।

## भारत के स्वदेशी एआई मॉडल के लिए वित्तीय डेटा उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है आईसीएआई

कैंडोलिम (गोवा)। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का शीर्ष निकाय, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई), भारत के स्वदेशी कृत्रिम मेधा (एआई) मॉडल को सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय और आर्थिक आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) के साथ बातचीत कर रहा है। मंत्रालय देश का अपना बड़ा भाषा मॉडल (एलएलएम) विकसित करने के लिए काम कर रहा है। आईसीएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि संस्थान भारत में विकसित किए जाने वाले एलएलएम (बड़े भाषा मॉडल) को सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय और आर्थिक आंकड़े उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है। आईसीएआई के चार लाख से अधिक सदस्य हैं। अधिकारी ने बताया, ''हम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं।

# ईडी ने फ्लिपकार्ट को जुर्माना भरकर, गलती मानकर फ़ेमा मामला बंद करने का प्रस्ताव दिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फ्लिपकार्ट को फ़ेमा उल्लंघन का मामला बंद करने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, इसके लिए ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी को अपनी गलती स्वीकार करनी होगी और जुर्माना भरना होगा। इस घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले हफ्ते फ्लिपकार्ट को फ़ेमा (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम) के कंपाउंडिंग नियमों के तहत यह विकल्प दिया था। एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''ईडी ने फ्लिपकार्ट को कंपाउंडिंग का विकल्प दिया है। ईडी ने फ्लिपकार्ट से अपनी गलती स्वीकार करने, जुर्माना भरने और उससे जुड़े विक्रेता नेटवर्क को खत्म करने को कहा है। इस संबंध में फ्लिपकार्ट को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। ईडी ने अमेजन इंडिया की स्थिति की जांच के लिए उसे भी तलब किया था। संपर्क करने पर, अमेजन इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, ''हम चल रही जांच पर टिप्पणी नहीं करते हैं। इस मामले में ईडी को भेजे गए सवालों के जवाब भी नहीं मिले। ई-कॉमर्स कंपनियों में से एक के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि ईडी के कंपाउंडिंग का विकल्प दिने से अमेरिका के साथ चल रही द्विपक्षीय व्यापार वार्ता के दौरान भारत को लाभ मिलेगा। कंपाउंडिंग नियम कंपनियों को फ़ेमा के तहत प्रावधानों के उल्लंघन को स्वेच्छा से स्वीकार करने और लंबी प्रवर्तन कार्रवाई के बिना उल्लंघनों के लिए जुर्माना देकर मामले का निपटारा करने की अनुमति देते हैं। फ्लिपकार्ट और अमेजन इंडिया फ़ेमा प्रावधानों के कथित उल्लंघन के लिए ईडी की जांच के दायरे में हैं। ऐसे आरोप लगे हैं कि ये कंपनियां बिक्री बढ़ाने के लिए अपने मंच पर छूट दे रही हैं।

## अक्टूबर में एफपीआई ने किया 3,240 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश

मुंबई। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में 3,240 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। शुद्ध निवेश बाजार में लगायी गयी राशि और निकाली गयी राशि का अंतर होता है। इस महीने एफपीआई ने जहां इक्विटी में बिकवाली जारी रखी है, वहीं डेट में उनकी जबरदस्त खरीद जारी है। सीडीएसएल के आंकड़ों अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अक्टूबर में शुद्ध रूप से 2,091 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची है। वहीं, डेट में उन्होंने 4,819 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसके अलावा म्यूचुअल फंड से एफपीआई ने 82 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की जबकि हाइब्रिड इनस्ट्रूमेंट्स में उनका निवेश 594 करोड़ रुपये बढ़ गया। इस साल मई के बाद पहली बार एफपीआई भारतीय पूंजी बाजार में लिवाली करते दिख रहे हैं।

# तिमाही परिणाम और महंगाई के आंकड़े देंगे बाजार को दिशा

एजेंसी

मुंबई। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरी साप्ताहिक तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर महंगाई के आंकड़ों के साथ कंपनियों के तिमाही परिणामों पर भी होगी।

आने वाले सप्ताह में खुदरा महंगाई और थोक महंगाई के सितंबर के आंकड़े जारी होने हैं। इसके अलावा कई दिग्गज कंपनियों की तिमाही परिणाम भी बाजार को प्रभावित कर सकते हैं।

बीते सप्ताह बाजार में तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,293.65 अंक (1.02 प्रतिशत) की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 82,500.82 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक



भी 391.10 अंक यानी 1.75 फीसदी चढ़कर 25,285.35 अंक पर पहुंच गया। चौतरफा लिवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियां के शेयरों में भी भेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.56 प्रतिशत और निफ़्टी स्मॉलकैप-50 सूचकांक 1.43 प्रतिशत चढ़ा। बीते सप्ताह आईटी कंपनियों में जबरदस्ती तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 7.28 प्रतिशत चढ़ा। इंफोसिस में 4.68 फीसदी, टीसीएस में 4.35 फीसदी और टेक महिंद्रा में 4.03 फीसदी की तेजी रही। इटरनल का शेयर 6.06 प्रतिशत की बढ़त में रहा। बजाज फाइनेंस में 3.44 प्रतिशत, मारुति सुजुकी में 2.98 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक में 2.32 और भारतीय एयरटेल में भी 2.32 प्रतिशत की तेजी देखी गई। टाइटन का शेयर 2.29 प्रतिशत, सन फार्मा का 2.25 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट का 2.16 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक का 1.67 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक का 1.58 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में बंद हुआ। एलएंडटी के शेयर में 1.37 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.36 और आईसीआईसीआई बैंक में 1.15 प्रतिशत की तेजी रही।

## संक्षिप्त समाचार

### नामीबिया ने आखिरी गेंद पर रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराया

**विंडहोक।** रूबेन ट्रम्पेलमैन के हरफनमौला प्रदर्शन (3/28 और 8 गेंदों में 11 रन) और ज़ेन ग्रीन के 23 गेंदों में नाबाद 30 रनों की संयमित पारी की बदौलत, नामीबिया ने शनिवार को विंडहोक में खेले गए एकमात्र टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका पर आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत हासिल की। जीत के लिए 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, ग्रीन ने सिमेलाने की आखिरी गेंद पर लो फुलटॉस को स्वीप कर नामीबिया को चार विकेट से जीत दिलाई। 2022 विश्व कप में एडिलेड में नीदरलैंड से हारने के बाद, यह दूसरी बार था जब दक्षिण अफ्रीका किसी एसोसिएट देश से टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हारा है। पहले बल्लेबाजी करते हुए, दक्षिण अफ्रीका ने पारी की शुरुआत में ही क्विंटन डी कॉक और रीज़ा हेंड्रिक्स के विकेट गंवा दिए। हालाँकि, लुआ-ड्रे प्रीटोरियस और रुबिन हरमन ने उस पिच पर पारी को संभाला जहां रन बनाना आसान नहीं था। दोनों ने 30 रन जोड़े, इससे पहले कि ट्रम्पेलमैन ने डीप स्क्वायर लेग पर एक बेहतरीन डाइविंग कैच लपका। जल्दी-जल्दी कुछ और विकेट गिरने से 11वें ओवर में दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 5 विकेट पर 68 रन हो गया। जेसन स्मिथ ने निचले क्रम के साथ मिलकर स्कोरिंग गति को बढ़ाया, लेकिन थोड़ी पकड़ और उछाल वाली पिच पर बाउंड्री लगाना मुश्किल था। इसके अलावा, नामीबियाई खिलाड़ियों ने भी अपना अनुशासन बनाए रखा। ब्योर्न फोर्टुइन और गेराल्ड कोएत्ज़ी ने अंत में उपयोगी योगदान देकर दक्षिण अफ्रीका को 130 रनों के पार पहुंचाया, लेकिन अंत में यह पर्याप्त साबित नहीं हुआ। नामीबियाई बल्लेबाजों को भी रन बनाने में थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजों, खासकर गेराल्ड कोएत्ज़ी की अनियमित लाइन-अप ने उनकी मदद की, जो अपने दूसरे ओवर की चार गेंदें डालने के बाद कुछ चिंता के साथ मैदान से बाहर चले गए। नामीबिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को रन बनाने में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जब तक दक्षिण अफ्रीका ने अपने पहले तीन विकेट लिए, तब तक नामीबिया ने केवल सात ओवरों में 51 रन बना लिए थे। गेरहार्ड इरास्मस, जेजे स्मिट और जेसन क्रूगर ने बीच के ओवरों में जरूरी मजबूती प्रदान की ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि दक्षिण अफ्रीका को बढ़त न मिले। हालाँकि, अंतिम तीन ओवरों में 28 रनों की जरूरत के साथ, नामीबिया के लिए चुनौती अभी भी कठिन थी। ग्रीन और ट्रम्पेलमैन ने एक-एक चौका लगाकर अंतिम ओवर में लक्ष्य 11 रनों तक पहुँचाया। हालांकि, आखिरी ओवर में ग्रीन ने सिमेलाने की पहली गेंद पर छक्का लगाकर मैच का रुख पलट दिया। सिमेलाने ने अगली चार गेंदों पर गेंद को फुल रखा और आखिरी गेंद पर नामीबिया को एक रन मिला। यॉर्कर फेंकने की कोशिश में, तेज गेंदबाज अपनी लेंथ से चूक गए और नीची फुलटॉस गेंद पर आसानी से चौका लग गया। संक्षिप्त स्कोर: दक्षिण अफ्रीका 20 ओवर में 134/8 (जेसन स्मिथ 31, रुबिन हरमन 23; रुबेन ट्रम्पेलमैन 3-23, मैक्स हींगो 2-32) नामीबिया से 20 ओवर में 138/6 (गेरहार्ड इरास्मस 31, ज़ेन ग्रीन नाबाद 30; नांद्रे बर्गर 2-21, एंडिले सिमेलाने 2-28) से 4 विकेट से हार गया।

### हालांड की हैट्रिक, नॉर्वे ने विश्व कप क्वालीफायर में इजरायल को हराया

**बर्लिन।** एरलिंग हालांड की हैट्रिक की बदौलत नॉर्वे ने इजरायल को 5-0 से हराकर 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में अपनी लगातार छठी जीत दर्ज की। शनिवार को खेले गये इस मुकाबले में मिली जीत ने 1998 के बाद से नॉर्वे के विश्व कप में खेलने की उम्मीदों को बल दिया है। हालांड की 46 अंतरराष्ट्रीय मैचों में छठी हैट्रिक है। नॉर्वे की इस शानदार जीत ने ग्रुप में दूसरे स्थान पर मौजूद इटली पर भी दबाव बढ़ा दिया है। नॉर्वे ग्रुप आई में 18 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि इटली 12 अंकों और एक मैच के साथ पीछे है। नवंबर में होने वाला यह अहम मुकाबला इटली के लिए स्थिति बदलने का आखिरी मौका हो सकता है। दूसरी ओर, स्पेन और पुर्तगाल जैसे ताकतवर देशों ने घरेलू जीत के साथ अपने क्वालीफिकेशन अभियान को मजबूत किया है और तीन मैचों में नौ अंक हासिल करके शानदार शुरुआत की है स्पेन ने ग्रुप ई में जॉर्जिया को 2-0 से हराया, जबकि पुर्तगाल ने ग्रुप एफ में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के पेनल्टी चूकने के बावजूद आयरलैंड को 1-0 से हराया। अन्य मैचों में, तुर्किये ने बुल्गारिया को 6-1 से हराकर छह अंकों के साथ स्पेन के बाद दूसरे स्थान पर रहा, जबकि हंगरी ने ग्रुप एफ में आर्मेनिया को 2-0 से हराया। ग्रुप के में, इंग्लैंड ने अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखा, जबकि अल्बानिया ने सर्बिया को 1-0 से हराकर अपना दूसरा स्थान पक्का कर लिया। लातविया और अंडोरा के बीच मैच 2-2 से ड्रॉ रहा।

### एतिहाद भारत में वृद्धि को गति देने के लिए प्रीमियम सेवाओं, रणनीतिक साझेदारियों पर निर्भर

**कोलकाता।** भारत के 11 शहरों में प्रति सप्ताह 185 उड़ानें संचालित करने वाली एतिहाद एयरवेज देश में अपनी वृद्धि को गति देने के लिए प्रीमियम सेवाओं, लक्षित ग्राहकों और रणनीतिक साझेदारियों पर निर्भर है। अबू धाबी स्थित एयरलाइन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत एयरलाइन के लिए शीर्ष तीन वैश्विक बाजारों में से एक है। एतिहाद एयरवेज के वैश्विक बिक्री और वितरण उपाध्यक्ष जेवियर अलीजा ने पीटीआई-भाषा से कहा कि अतिरिक्त उड़ानों के माध्यम से विस्तार करने में असमर्थ होने के चलते एयरलाइन भारत में अपने राजस्व को बढ़ाने के लिए ङ्कस्मार्ट तरीकोंङ्क पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इनमें उच्च-मूल्य वाले यात्रियों को आकर्षित करने के लिए अपने उत्पादों को बेहतर बनाना शामिल है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच द्विपक्षीय समझौते के तहत अबू धाबी स्थित एयरलाइन कंपनियों के लिए प्रति सप्ताह 50,000 सीटों की सीमा तय है। एयरलाइन अपनी आवंटित क्षमता का 100 प्रतिशत उपयोग कर रही है। अलीजा ने कहा, ङ्कहम 11 शहरों के लिए उड़ान भरते हैं। हम द्विपक्षीय समझौते के तहत निर्धारित सभी सीटों पर उड़ान भरते हैं।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सााई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# इनर व्हील क्लब ऑफ़ गोरखपुर ने दीवाली मेला का किया शुभारंभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोरखपुर। इनर व्हील क्लब ऑफ़ गोरखपुर की ओर से 'आलोकित-दीवाली मेला' का भव्य शुभारंभ निपाल क्लब लॉन्स में रविवार की सुबह किया गया। मेले का उद्घाटन प्रख्यात उद्योगपति विकास केजरीवाल, इनर व्हील की वाइस डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन मधु कमानी तथा आश्प्रा ग्रुप की सदस्य मधु सर्राफ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान मेला परिसर दीपों, रंगों और मुस्कुराहटों से झिलमिला उठा। हर दिशा में उत्सव का उल्लास देखने को मिला। यह आयोजन न केवल दीपों का, बल्कि सपनों, सृजन और नारीशक्ति के उजास का उत्सव बन गया। मेले में हर ओर सजे रंगीन स्टॉल्स, रचनात्मक सजावट और पारंपरिक परिधानों ने मेले में चार चांद लगा दिए। फ़ैशन ब्रांड्स, होममेड



स्नैक्स, घरेलू डेकोर, सुगंधित मोमबत्तियां और हैंडक्राफ्टेड ज्वेलरी से सजे स्टॉल्स ने हर आगंतुक का मन जीत लिया। विशेष आकर्षण रहा लाइव फूड कोर्ट, जहां हर पकवान के स्वाद में घर की गर्मजोशी और अपनापन घुला था। क्लब की संपादक परमप्रीत कौर के पुत्र द्वारा लगाए गए बेकरी एवं फूड स्टॉल ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। युवा उद्यमिता का यह उदाहरण सभी के लिए प्रेरणास्रोत बना। कार्यक्रम में चेयरमैन पूर्वी नारायण पांडे और सचिव रीना त्रिपाठी ने कुशल संयोजन किया। इस वर्ष मेले में शहर की उभरती कला उद्यमी रिया जैन ने अपने ब्रांड आरिया-ऐसेथेटिक आर्ट के माध्यम से रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने हाथों से बनाए रेज़िन आर्ट पीसेज़, सुगंधित कैंडल्स और गिफ्ट आइटम्स की मनमोहक प्रदर्शनी लगाई। हर वस्तु में कला और सौंदर्य का ऐसा संगम था, मानो भावनाएं आकार ले चुकी हों। रिया जैन ने मुस्कुराते हुए कहा कि आरिया केवल एक भावनात्मक यात्रा है जो मेरे घर से शुरू होकर आज लोगों के दिलों तक पहुंच रही है। इनर व्हील क्लब के 'आलोकित मेला' में अपनी कला को साझा करना मेरे लिए गर्व और आनंद दोनों है। अवसर पर क्लब अध्यक्ष कविता त्रिपाठी ने कहा कि आलोकित दीवाली मेला हमारे शहर की संस्कृति, नारीशक्ति और सामाजिक समरसता का उत्सव है। हर दीपक एक नई आशा और हर मुस्कान एक नए विश्वास की ज्योति है। वहीं सचिव रीना त्रिपाठी ने भावनात्मक स्वर में कहा कि यह मेला समर्पण का उत्सव है। जब महिलाएं एक साथ आती हैं, तो वे अपने हुनर, संवेदनाओं और सृजन से समाज को आलोकित कर देती हैं। यहां हर स्टॉल में एक कहानी है वह है मेहनत, सृजन और आत्मविश्वास की।

# साइबर अपराधों से बचाव के बारे में दी विस्तृत जानकारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मछरेहटा सीतापुर। थानाध्यक्ष प्रभात गुप्ता और चौकी प्रभारी सुरेश पाल सिंह ने परसदा के अम्बेडकर पार्क में एक खुली बैठक का आयोजन किया।

बैठक में क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और युवा शामिल हुए। अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

थाना प्रभारी ने बताया कि हाल के दिनों में डिजिटल अरेस्ट नाम का नया साइबर घोटाला तेजी से फैल रहा है, जिसमें ठग खुद को पुलिस या सरकारी अधिकारी बताकर लोगों से वीडियो कॉल पर पैसे ऐंठते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारतीय कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई प्रक्रिया नहीं है। उन्होंने लोगों को सतर्क और जागरूक रहने की सलाह दी, और कहा कि अगर कोई संदिग्ध कॉल आए तो घबराएं नहीं, कॉल तुरंत काट दें और स्थानीय पुलिस से शिकायत करें। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि साइबर ठगी से बचने का सबसे अच्छा तरीका है – सावधानी





और जानकारी। बैठक में ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम लोगों को ठगी से बचाने में बेहद मददगार साबित होंगे। इस अवसर पर थानाध्यक्ष प्रभात गुप्ता, परसदा चौकी प्रभारी सुरेश पाल सिंह सहित परसदा चौकी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## तालाब में युवक का शव मिला, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में पड़री थाना क्षेत्र स्थित तालाब में रविवार को एक युवक का शव मिला। पुलिस ने मृतक की पहचान कर ली है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पड़री थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के भगेसर ग्राम पंचायत के पैड़ापुर स्थित तालाब में मिले मृतक युवक की पहचान गांव के ही दिलीप यादव (27) के रूप में हुई है। परिजनों से पता चला है कि दिलीप शनिवार रात मोटरसाइकिल से रानी चौकियां बंगला गांव में रामलीला देखने गया था। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने आज सुबह उसकी तलाश शुरू की। घर से करीब दो सौ मीटर दूर तालाब किनारे उसकी मोटरसाइकिल, जैकेट और टोपी पड़ी मिली।

# फिटनेस संदेश के साथ आईएमए बरेली ने निकाली 'संडे ऑन साइकिलिंग' रैली

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बरेली। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) बरेली शाखा की ओर से रविवार को ़संडे ऑन साइकलिंग़ रैली का आयोजन किया। सुबह छह बजे आईएमए भवन सिविल लाइंस से शुरू हुई साइकिलिंग रैली चौकी चौराहा और पटेल चौक होते हुए मेजर ध्यानचंद स्टेडियम कैंट पर जाकर संपन्न हुई। साइकिलिंग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान और विशिष्ट अतिथि स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सेंटर इंचार्ज संदीप चौधरी रहे। अतिथियों ने नागरिकों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और साइकिलिंग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने



की अपील की। रैली में बड़ी संख्या में डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों और फिटनेस प्रेमियों ने हिस्सा लिया। प्रमुख रूप से डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अंशु अग्रवाल, डॉ. शालिनी महेश्वरी, डॉ. डी.पी. गंगवार, डॉ. वी.वी. सिंह, डॉ. कामेंद्र सिंह सहित कई चिकित्सक शामिल हुए। आईएमए अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को फिटनेस और एकजुटता का संदेश देते हैं। सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल व कोषाध्यक्ष डॉ. शालिनी महेश्वरी ने कहा कि ़फिटनेस ही असली वेल्थ है़, इसलिए हर व्यक्ति को व्यायाम और साइकिलिंग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

# मऊ में तेज आवाज में डीजे बजाने वाले 10 संचालकों पर मुकदमा दर्ज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मऊ। उत्तर प्रदेश के मऊ जनपद में नवरात्रि में और मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाना संचालकों को भारी पड़ गया। शहर कोतवाली समेत जिले के आठ डीजे संचालकों पर शुक्रवार देर शाम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं आने वाले दीपावली पर्व पर तेज आवाज में डीजे बजाने पर भी संचालकों को प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दे दी है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर इलामारन ने मीडिया से बात करते हुए रविवार को बताया कि विसर्जन जुलूस के दौरान कुछ डीजे संचालकों ने सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार के नियम और शासन-प्रशासन की गाइडलाइन का उल्लंघन किया गया है। ऐसा करने के मामले में थाना कोतवाली अंतर्गत 6 डीजे संचालकों और अन्य के विरुद्ध बीएनएस 292-93 और पर्यावरण अधिनियम 1986 के सेक्शन 15 का उल्लंघन के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं थाना चिरैयाकोट के अंतर्गत तीन डीजे संचालकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी ने कहा कि किसी प्रकार के ध्वनि संचालन के लिए चार कैटेगरी आती हैं। इनमें इंडस्ट्रियल एरिया, कमर्शियल एरिया, रेजिडेंशियल एरिया और साइलेंस एरिया हैं, इन सबके अलग-अलग मानक हैं। दिन के मानक अलग है और रात के अलग। दिन में इंडस्ट्रियल एरिया में 75 डेसीबल, कमर्शियल एरिया में 65, रेजिडेंशियल में 55 और साइलेंस एरिया में 50 तय की गई है। जबकि रात में इंडस्ट्रियल एरिया 65, कमर्शियल एरिया 55, रेजिडेंशियल एरिया 45 और साइलेंस एरिया 40 डेसिबल है। निर्धारित मानक का जो भी उल्लंघन करेगा उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। डीजे में प्रयोग होने वाले गाड़ियों का अगर मोडिफिकेशन करते हैं तो भी एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने अपील की कि त्योहारों में सभी नागरिकों का दायित्व बनता है कि वह कानून व्यवस्था बनाए रखें और लोगों के सुविधाओं का ख्याल रखें।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**संपादक समन्वय**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
पीयूष त्रिपाठी

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालयः 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालयः 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# प्रयागराज में गाय के गोबर से बने लक्ष्मी गणेश एवं अन्य इको फ्रेन्डली उत्पादों की बढ़ी मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। दीपावली पर्व को इको फ्रेंडली बनाने के लिए बीते पांच वर्ष से लगातार प्रयागराज की आभा सिंह गाय के गोबर से बने दीपक,भगवान गणेश एवं लक्ष्मी सहित अन्य मूर्तियों बनाने का कार्य कर रही है। गाय के गोबर से तैयार होने वाले इन उत्पादों की मांग प्रयागराज के बाहर आगरा, फिरोजाबाद सहित अन्य कई जनपदों में भी बढ़ी है। आशारानी फाउन्डेशन की संचालक आभा सिंह ने बताया कि गाय के गोबर से तैयार किए जाने वाले भगवान गणेश, लक्ष्मी, भगवान राम दरबार, आकर्षक आकृति वाले दीपक, झूमर, सहित अन्य उत्पाद तैयार कर रही है। गाय के गोबर से बने लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां और आकर्षक डिजाइन वाले दीये अन्य उत्पादों की मांग प्रयागराज के बाहर भी बढ़ रही है, क्योंकि ये पर्यावरण के अनुकूल और पवित्र माने जाते हैं। इन उत्पादों को प्रदेश के अन्य शहरों जैसे आगरा, गाजियाबाद और मुजफ्फरनगर में भी पसंद किया जा रहा है, और यहां तक कि कोलकाता में भी उनकी आपूर्ति की जा रही है। आभा सिंह ने बताया कि प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों की अपेक्षा गोबर से बनी मूर्तियां विसर्जन के बाद आसानी से घुल जाती हैं, जिससे जल स्रोतों का प्रदूषण नहीं होता है। सनातन धर्म में गाय के गोबर को पवित्र माना जाता है, जिससे लोग पारंपरिक मूर्तियों के बजाय इनका उपयोग करने में रुचि दिखा रहे हैं। इन उत्पादों को बनाने वाले स्वयं सहायता समूह और महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। स्थायी रोजगारः यह एक स्थायी और टिकाऊ रोजगार का अवसर प्रदान कर रहा है, खासकर महिलाओं के लिए। आभा सिंह ने बताया कि धार्मिक दृष्टि से गाय का गोबर पवित्र माना गया है। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के आकर्षक डिजाइन वाले उत्पादों की मांग बढ़ती जा रही है। पानी में तैरने वाले दीपक, एक घंटे जलने वाले दीपक, पंचगव्य से बनी धूपबत्ती, गोबर से बने साम्रानी कप, आधुनिक लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों का भविष्य काफी उज्ज्वल दिख रहा है।

# टूटी व चोक पड़ी नालियों से लोग परेशान





राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सीतापुर। विकासखंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत फिरोजपुर मजरा सरैया गांव में में टूटी व चोक पड़ी नालियां और नालियों में भारी गंदगी से लोग काफी परेशान है जिससे मुख्य मार्ग पर निकलने वाले राहगीर टूटी व चोक नालियों से अक्सर अंधेरे में टकराकर गिर जाते हैं जिससे ग्रामीण कई बार रात्रि के अंधेरे में निकलते समय टकराकर उस गहरी नालियों में गिर भी चुके हैं जिससे काफी छोटे भी लोगों को लगी हैं सबसे ज्यादा खतरा छोटे-छोटे बच्चों को है जो सुबह पढ़ने के लिए अपने अपने घरों से विद्यालय के लिए निकलते हैं और रास्ते में टूटी व चोक पड़ी लगभ तीन फिट खुली पडी गहरी नाली जिस पर सीमेंटेड पटरा भी नहीं है उन बच्चों को उस नालियों में गिरने का खतरा अक्सर बना रहता है ग्रामीण मोनू राठौर, विश्राम लाल ,अनीश, रमाकांत, लल्लू राम, अमित, अजय , पप्पू, होरीलाल ,बाबू राम इत्यादि लोगों ने बताया कि लगभग 3 साल से 3 फीट गहरी नाली टूटी पड़ी हुई है जो कि गांव का मुख्य मार्ग है रात्रि के अंधेरे में इस मार्ग गुजरने वाले लोग अक्सर इन नालियों में टकरार गिर चुके हैं और काफी लोग घायल भी हो चुके हैं लेकिन आज तक ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी यहां तक की प्रधान भी 3 सालों से इस नाली की मरम्मत नहीं करवा सके पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे भी अक्सर इस नालियों में गिरते हैं किसी दिन कोई बड़ा खतरा भी हो सकता है।

# बीएचयू में वॉलीबॉल खेल में नियम और रेफरी कौशल विकास कार्यशाला 14 से

- प्रैक्टिकल सेशन में लाइव डेमोंस्ट्रेशन और ऑन-कोर्ट रेफरी अभ्यास

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद, एसआरआईसीसी-बीएचयू और उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन के सहयोग से ़वॉलीबॉल खेल में नियम, उनकी व्याख्या और रेफरी कौशल विकास़ विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 14 अक्टूबर से किया गया है। दो दिवसीय कार्यशाला में उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों से कुल 84 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इनमें खिलाड़ी, कोच, रेफरी और शारीरिक शिक्षा के विशेषज्ञ शामिल होंगे। यह जानकारी आयोजन सचिव डॉ. रॉबिन कुमार सिंह ने दी। आयोजन सचिव डॉ. रॉबिन ने रविवार को बताया कि यह कार्यशाला वॉलीबॉल ऑफिशिएटिंग और तकनीकी कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यशाला का उद्घाटन 14 अक्टूबर को पूर्वाह 9 बजे बीएचयू के शारीरिक शिक्षा विभाग के कर्ण सिंह सभागार में होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सीईओ और पूर्व महासचिव भारतीय वॉलीबॉल संघ व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी रामावतार सिंह जाखड़, विशिष्ट अतिथि महासचिव, उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन सुनील कुमार तिवारी होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में दोनों दिन सुबह के सत्रों में थ्योरी सेशन होंगे, जिनमें वॉलीबॉल के नियमों, उनकी व्याख्या और ऑफिशिएटिंग तकनीकों पर चर्चा होगी। शाम के सत्रों में प्रैक्टिकल सेशन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें लाइव डेमोंस्ट्रेशन और ऑन-कोर्ट रेफरी अभ्यास शामिल होंगे। रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. नरेंद्र सिंह क्षत्रिय (अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल रेफरी, वीएफआई) और प्रो. अभिमन्यु सिंह (अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच, बीएचयू) आधुनिक रेफरी तकनीक, मैच नियंत्रण और व्यावहारिक पक्षों पर अपने अनुभव साझा करेंगे। कार्यशाला के दौरान उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय रेफरी परीक्षा का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को आधिकारिक मान्यता प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कार्यशाला का समापन 15 अक्टूबर को शाम 6 बजे कर्ण सिंह सभागार में ही होगा। उन्होंने बताया कि आयोजन समिति में मुख्य संरक्षक प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी (कुलपति बीएचयू एवं अध्यक्ष, विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद) , प्रो. बी.सी. कापड़ी, कार्यवाहक उपाध्यक्ष एवं महासचिव, विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद आदि है।

# जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन,भोजन बर्बाद होने से रोकने का कार्य कर रहा रोटी बैंकः रोशन पटेल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। वाराणसी में रोटी बैंक नामक संगठन के अध्यक्ष रोशन पटेल ने बताया कि रोटी बैंक एक निःस्वार्थ सेवा संगठन है, जो प्रत्येक दिन जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराता है। यह सेवा खासतौर पर उन लोगों के लिए है, जो अस्पतालों, सड़कों या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। साथ ही, भोजन बर्बाद नहीं होने देने के लिए लोगों को जागरूक भी किया जाता है। रोशन पटेल ने रविवार को अपने आवास पर बताया कि भोजन बर्बाद करने से रोकने के लिए रोटी बैंक एक माध्यम है। बीते दिन शशांक भैया के घर में प्रोग्राम था और उनके यहां लगभग 50 लोगों का फ्रेश साफ भोजन बच गया। शशांक भैया



ने रोटी बैंक से संपर्क किया और भोजन को पैक करके पहुंचाया। जिसे बीती रात 11 बजे के करीब काशी हिंदू विश्वविद्यालय के अस्पताल प्रांगण में पहुंचकर वितरित किया गया। जिसे जरूरतमंद लोगों ने पंक्तिबद्ध होकर प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि शहर के ऐसे लोग जो अपने परिवारों में बड़े-बड़े आयोजन करते हैं और जहां पर भोजन बचता है, उनके यहां से भी पैक भोजन आने पर वह वितरित करा देते हैं। इसके अलावा रोटी बैंक अपने प्रतिदिन के कार्य में लोगों के लिए भोजन मुहैय्या कराती है। प्रतिदिन बनने वाली रोटी वितरित करने के लिए वैन निकलती है। दाल या सब्जी के साथ रोटी वितरित कर वापस आती है। इस वितरण में उनके कई साथी सहयोग करते हैं।

# फतेहपुर: पत्नी की गोली मार कर हत्या के बाद पति की खुदकुशी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में गाजीपुर थाना क्षेत्र में परिवारिक विवाद के चलते पत्नी को गोली मारकर हत्या के बाद पति ने भी खुदकुशी कर ली। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि गाजीपुर थाना क्षेत्र के लमेहटा गांव निवासी मुकेश कुमार (30) ने आपसी विवाद के चलते अपनी पत्नी गुड़िया(27) को घर में गोली मार कर हत्या कर दी। इसके बाद मुकेश ने स्वयं को भी गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मृतक दंपति के तीन बेटियां दिव्यांशी, प्रियांशी व जियांशी हैं। पूछताछ में परिजनों से पता चला है कि शनिवार शाम परिवार के सभी सदस्यों ने एक साथ भोजन किया और सो गये। मृतक मुकेश के माता-पिता व बड़ी बेटी आंगन में सो रहे थे, जबकि मुकेश और गुड़िया कमरे में थे। परिजनों ने बताया कि आज सुबह बच्ची जियांशी के रोने की आवाज सुनकर परिजन कमरे पहुंचे तो अंदर का दृश्य देखकर दंग रह गए।